website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष : 13 अंक : 286 पेज: 8 जयपुर, मंगलवार 23 सितम्बर 2025 मूल्य: 1.50 रुपये

## अरुणाचल प्रदेश में पीएम मोदी ने व्यापारियों से की अपील
### "खरीदो स्वदेशी, बेचो स्वदेशी"




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी सुधारों से मिले लाभ पर चर्चा की और लोगों से अपील की कि वे "खरीदो स्वदेशी और बेचो स्वदेशी" का मंत्र अपनाएं। उन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाना ही "विकसित भारत" का लक्ष्य हासिल करने का रास्ता है और वे स्वयं स्थानीय उत्पादों के ब्रांड ऐंबेसडर हैं। वहीं स्थानीय व्यापारियों ने याद किया कि पहले उन्हें कई तरह के करों से जूझना पड़ता था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में "वन नेशन, वन टैक्स" यानी जीएसटी लागू होने से यह समस्या खत्म हो गई। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में जीएसटी का सरलीकरण एक और बड़ा मील का पत्थर है और यह संभव हुआ क्योंकि "मोदी हैं तो मुमकिन है।" व्यापारियों ने बताया कि नए कर सुधारों से निर्माण की लागत कम होगी, जिससे घर बनाना सस्ता होगा। वहीं, सस्ती कच्ची सामग्री मिलने से स्थानीय उत्पाद भी कम कीमत पर उपलब्ध होंगे। होटल उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों ने कहा कि जीएसटी कटौती से घरेलू पर्यटन को नई ताकत मिलेगी, जबकि मत्स्य पालन और कृषि क्षेत्र को भी बड़ा लाभ होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने अनुभव साझा करते हुए लिखा, "जैसे आज सूरज उगा, वैसे ही जीएसटी बचत उत्सव के साथ भारत की आर्थिक यात्रा का नया अध्याय भी शुरू हुआ है। अरुणाचल प्रदेश यानी भारत की खूबसूरत 'लैंड ऑफ द राइजिंग सन' से बेहतर जगह कोई नहीं हो सकती थी।" पीएम मोदी ने बताया कि स्थानीय व्यापारियों और खुदरा विक्रेताओं ने उन्हें चाय, अचार, हल्दी, बेकरी उत्पाद और हस्तशिल्प जैसे कई स्थानीय उत्पाद दिखाए और जीएसटी सुधारों को लेकर अपनी खुशी जताई। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने दुकानदारों को 'गर्व से कहो ये स्वदेशी है' लिखे हुए पोस्टर भी दिए, जिन्हें दुकानदारों ने अपनी दुकानों पर लगाने का वादा किया। अरुणाचल प्रदेश दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने 5,100 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें 3,700 करोड़ रुपये से अधिक लागत के दो बड़े जलविद्युत परियोजनाएं-हीओ हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (240 मेगावाट) और टाटो-I हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (186 मेगावाट) शामिल हैं, जिन्हें अरुणाचल प्रदेश की सियोम नदी बेसिन में विकसित किया जाएगा। इसके अलावा, पीएम मोदी ने तवांग में 9,820 फीट की ऊंचाई पर बनने वाले अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर की आधारशिला भी रखी। यह केंद्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, सांस्कृतिक उत्सव और प्रदर्शनियों का आयोजन करने के लिए एक अहम स्थल बनेगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने 1,290 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं भी शुरू कीं। इनमें कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, अग्निशमन, कार्यरत महिला छात्रावास और अन्य सुविधाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं से क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी, जीवन स्तर सुधरेगा और संपर्क सुविधाएं बेहतर होंगी।

## यूपी सरकार का बड़ा फैसला :
### पुलिस रिकॉर्ड और सार्वजनिक स्थानों पर जाति उल्लेख पर लगा पूर्ण प्रतिबंध



**यूपी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को जाति आधारित भेदभाव को समाप्त करने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए पुलिस अभिलेखों और सार्वजनिक स्थानों पर जाति के उल्लेख पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद जारी किया गया। मुख्य सचिव दीपक कुमार ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि अब एफआईआर, गिरफ्तारी मेमो या अन्य पुलिस दस्तावेजों में जाति का उल्लेख नहीं किया जाएगा। इसकी जगह पहचान के लिए माता-पिता का नाम इस्तेमाल किया जाएगा।

**वाहनों और साइनबोर्ड्स पर लगे जाति-आधारित प्रतीकों को तुरंत हटाने का निर्देश**

आदेश में यह भी कहा गया है कि पुलिस थानों के नोटिस बोर्ड, वाहनों और साइनबोर्ड्स पर लगे जाति-आधारित प्रतीक, नारे और संदर्भों को तुरंत हटाया जाए। इसके साथ ही पूरे राज्य में जाति-आधारित रैलियों पर प्रतिबंध लगाया गया है और सोशल मीडिया पर निगरानी कड़ी करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि कोई उल्लंघन न हो। हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) अत्याचार निवारण अधिनियम के मामलों में जाति का उल्लेख आवश्यक कानूनी आवश्यकता होने के कारण जारी रहेगा। इस निर्देश को प्रभावी बनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (SOPs) और पुलिस मैनुअल में संशोधन भी किए जाएंगे।

इस बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया, जहां उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "मां भगवती जगदंबा की उपासना और आराधना के पावन पर्व शारदीय नवरात्रि की सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई! माता रानी का आशीर्वाद सभी के जीवन में सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आए, यही प्रार्थना है।"

इससे एक दिन पहले, 21 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जानकारी दी थी कि राज्य सरकार ने "विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश 2047" के रोडमैप को तैयार करने के लिए 300 बुद्धिजीवियों को जोड़ा है। इनमें पूर्व मुख्य सचिव, सचिव, अवर सचिव और कुलपति शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये विशेषज्ञ राज्यभर के शैक्षणिक संस्थानों का दौरा कर जनता से विचार-विमर्श कर रहे हैं ताकि 2047 के विकास लक्ष्यों पर ठोस योजना बनाई जा सके।

## यूएन महासभा सत्र के दौरान जयशंकर और रुबियो की बैठक
### - एच-1बी वीजा पर भी हो सकती है चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) सत्र के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से



मुलाकात करेंगे। अधिकारियों ने पुष्टि की कि यह बातचीत द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच उत्पन्न मतभेदों को दूर करने की दिशा में एक अहम कदम होगी। यह इस साल जयशंकर और रुबियो की तीसरी आमने-सामने बैठक होगी। इससे पहले दोनों नेताओं की मुलाकात 1 जुलाई को वॉशिंगटन में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान हुई थी। जनवरी में भी जयशंकर ने रुबियो से वॉशिंगटन में मुलाकात की थी, जब उन्होंने पदभार संभालने के कुछ ही दिनों बाद क्वाड मीटिंग में हिस्सा लिया था। सोमवार की मुलाकात ऐसे समय हो रही है जब भारत-अमेरिका संबंधों में व्यापार शुल्क और रूस से तेल खरीद को लेकर तनाव बढ़ गया है। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। यह बैठक ऐसे समय पर भी हो रही है जब भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल वॉशिंगटन में व्यापार वार्ता के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। जयशंकर और रुबियो की मुलाकात खास तौर पर अहम मानी जा रही है क्योंकि हाल ही में ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा फीस को 1 लाख डॉलर करने का फैसला लिया है। इस फैसले से टेक इंडस्ट्री में हलचल मच गई है और उन कर्मचारियों में अनिश्चितता बढ़ गई है जो इस वीजा पर निर्भर हैं। हालांकि, व्हाइट हाउस ने आईएएनएस को बताया कि यह "एक बार की फीस" है, जो केवल नए वीजा आवेदनों पर लागू होगी, मौजूदा वीजा धारकों या नवीनीकरण पर नहीं।

**व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने भी एक्स (X) पर लिखा:**

"जो लोग पहले से एच-1बी वीजा धारक हैं और अभी देश के बाहर हैं, उनसे दोबारा प्रवेश पर 1 लाख डॉलर नहीं लिया जाएगा। एच-1बी वीजा धारक देश छोड़कर वापस आ सकते हैं।"

## जीएसटी सुधार के बाद लक्ष्मी नगर पहुंची वित्त मंत्री
### कहा- ग्राहकों तक पहुंच रहा है टैक्स कटौती का फायदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को दिल्ली के लक्ष्मी नगर बाजार पहुंचीं और दुकानदारों व ग्राहकों से बातचीत की। उनका यह दौरा जीएसटी सुधार लागू होने के बाद किया गया, ताकि बाजार में इसके असर को समझा जा सके। वित्त मंत्री ने कहा, "जीएसटी सुधार को लेकर लोगों का रिस्पॉन्स बहुत अच्छा है। आज बाजार बंद है, लेकिन कई दुकानें खुली हुई हैं। मैंने देखा कि दुकानदार ग्राहकों को जीएसटी कटौती का फायदा पहुंचा रहे हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार के इस कदम से जनता और व्यापारी दोनों ही खुश हैं और इससे लोगों को बड़ी राहत मिली है। बाजार में बातचीत के दौरान एक महिला ने कहा कि सरकार का यह कदम बहुत अच्छा है और लोग इससे संतुष्ट हैं। वहीं एक व्यापारी ने बताया कि वह पैकेजिंग का काम करते हैं और पैकेजिंग उत्पादों पर जीएसटी दर कम होने से लागत कम होगी। इसका सीधा फायदा उपभोक्ताओं को कम कीमतों के रूप में मिलेगा। इस मौके पर उनके साथ मौजूद कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नागरिक देवो भव का मंत्र दिया है। आज नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही जीएसटी सुधार लागू हुए हैं, जिसे हम 'बचत उत्सव' के रूप में मना रहे हैं।" उन्होंने कहा कि सरकार ने 2017 में जीएसटी लागू कर बड़ा सुधार



किया था और अब फिर जनता को राहत देने के लिए नए सुधार किए हैं। हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि अब जीएसटी टैक्स स्लैब को घटाकर सिर्फ दो श्रेणियों में कर दिया गया है-5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत। इसके तहत 95 प्रतिशत वस्तुएं 5 प्रतिशत वाले स्लैब में आ गई हैं। इसमें शैक्षणिक सामग्री, खेल उत्पादों से लेकर घर में इस्तेमाल होने वाली दैनिक जरूरत की चीजें शामिल हैं। जीएसटी सुधार से रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं और जीवन रक्षक दवाओं सहित लगभग 370 प्रोडक्ट्स पर टैक्स कम हुआ है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की डिस्पोजेबल इनकम बढ़ाना है, जिससे अर्थव्यवस्था में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश होगा।

## GST 2.0 पर चिराग पासवान का समर्थन
### कांग्रेस की राजनीति पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सोमवार को नवरात्रि के अवसर पर पूरे देश और बिहारवासियों को शुभकामनाएं दीं।



उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू की गई GST 2.0 का जोरदार समर्थन किया और इसे जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग की पूर्ति बताया। पत्रकारों से बात करते हुए पासवान ने कहा, "मैं सभी भारतीयों और बिहारवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। ये माता रानी की भक्ति के दिन हैं और हम प्रार्थना करते हैं कि उनकी कृपा हमेशा हम पर बनी रहे और सभी की इच्छाएं पूरी हों। लेकिन मैं कहूंगा कि माता रानी की कृपा से, सभी नागरिकों की एक बड़ी इच्छा पहले ही हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरी हो गई है।" GST 2.0, जो सोमवार से लागू हुई, पुराने कई स्लैब की तुलना में अब सिर्फ दो मुख्य स्लैब – 5% और 18% में बदल गई है। इससे 375 से अधिक जरूरी और उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती हो गई हैं। इसे पूरे देश में 'GST बचत उत्सव' के रूप में प्रचारित किया जा रहा है, खासकर मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायों को लाभ पहुंचाने के लिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा GST पर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए पासवान ने कांग्रेस की राजनीतिक मंशा और सुसंगति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, "वे असल में क्या चाहते हैं? महंगाई बढ़ाना, GST बढ़ाना? मुझे विपक्ष की स्थिति समझ नहीं आती। आपके राज्य के मुख्यमंत्री खुद इस पर सहमति दे चुके हैं। फिर आप अब इन चीज़ पर राजनीति क्यों कर रहे हैं?" खड़गे ने पहले X पर पोस्ट करते हुए नई GST सुधारों की आलोचना की थी और पिछले आठ साल में मोदी सरकार पर "गब्बर सिंह टैक्स" के जरिए 55 लाख करोड़ रुपये वसूलने का आरोप लगाया था, जबकि अब सरकार 2.5 लाख करोड़ रुपये के बचत उत्सव से जनता का समर्थन जीतने की कोशिश कर रही है। पासवान ने इसे "भ्रमित और गुमराह करने वाला" बताया और कहा कि कांग्रेस ने पहले राज्य स्तर पर GST सुधारों का समर्थन किया था, लेकिन अब इसे राजनीति का मुद्दा बना रही है। उन्होंने कहा, "यह आश्चर्यजनक है कि GST काउंसिल का हिस्सा होने और सुधारों को मंजूरी देने के बाद भी, वे अब झूठी कहानी पेश कर रहे हैं।" त्योहारों के मौसम और GST 2.0 के तहत कीमतों में राहत के साथ, बीजेपी इसे जनता-प्रधान नीति के रूप में दिखाने की कोशिश कर रही है, जबकि विपक्ष इसे अल्पकालिक लोकप्रियता पाने का कदम बता रहा है। राज्य चुनावों की तैयारी के बीच, कर सुधार फिर से राजनीतिक चर्चा का केंद्र बन गया है, जो आर्थिक नीति और चुनावी संदेश दोनों को जोड़ता है।

## बिहार को शिक्षा और रोजगार की गारंटी चाहिए- प्रशांत किशोर
### प्रशांत किशोर ने कहा की मुख्यमंत्री अब शारीरिक और मानसिक रूप से थके हुए है

**पटना (एजेंसी)।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने रविवार को नालंदा जिले के राजगीर में आयोजित 'बिहार बदलाव सभा' को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार पर जमकर हमला बोला। पीटीजेएम कॉलेज मैदान में हजारों की संख्या में एकत्रित जनता के समक्ष किशोर ने कहा कि बिहार को अब सड़क-बिजली से आगे बढ़कर शिक्षा और रोजगार की गारंटी चाहिए। अपनी 'बिहार बदलाव यात्रा' के तहत विभिन्न जिलों में जनसंपर्क कर रहे प्रशांत किशोर ने मीडिया से बातचीत में कहा की राजगीर नीतीश कुमार का गृह जिला है और यहां की स्थिति दूसरे जिलों से निश्चित रूप से बेहतर है। सड़क और बिजली की स्थिति अच्छी है, लेकिन शिक्षा, रोजगार और भ्रष्टाचार जैसी मूल समस्याएं हैं, वे नालंदा में भी उतनी ही गंभीर हैं जितनी अन्य जिलों में।

**नीतीश सरकार पर तीखे हमले-**

राजनीतिक रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार के 20 साल के शासनकाल पर सवाल उठाते हुए कहा की नीतीश कुमार को 20 साल का अवसर मिला है। जो उनसे बन पड़ा, वह उन्होंने किया। अब वे शारीरिक और मानसिक रूप से थके हुए हैं। नालंदा की जनता को दिख रहा है कि आगे की तरक्की के लिए जन सुराज चाहिए, नई व्यवस्था चाहिए। प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री के गृह जिले में भी शराबबंदी की असफलता का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा की नीतीश कुमार का गृह जिला होने का मतलब यह नहीं है कि यहां शराब नहीं बिक रहा। हर गांव, हर घर में शराब मिल रहा है। भ्रष्टाचार भी नालंदा में उतना ही है जितना दूसरे जिलों में।

**नालंदा को फिर से ज्ञान की भूमि बनाने का संकल्प-**



ऐतिहासिक नालंदा विश्वविद्यालय की भूमि राजगीर में बोलते हुए प्रशांत किशोर ने कहा की यह बिहार के गौरव की भूमि है। बिहार का सबसे गौरवशाली इतिहास नालंदा से जुड़ा है। जन सुराज का सपना है कि बिहार को फिर से ज्ञान की भूमि बनाया जाए और इस परिकल्पना में नालंदा की भूमिका सबसे बड़ी है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि अब सड़क-बिजली-पानी से ऊपर उठकर बच्चों की पढ़ाई और रोजगार के लिए वोट कीजिए। नई व्यवस्था बनाइए और किसी भी हालत में लालटेन को वापस जलने मत दीजिए।

**विपक्षी दलों पर भी निशाना-**

प्रशांत किशोर ने राष्ट्रीय जनता दल पर भी तीखा हमला बोला। हाल की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा की तेजस्वी यादव के कलम फेंकना उनके चरित्र को दिखाता है। हम बिहार के बच्चे कलम को सरस्वती मानते हैं, इसकी पूजा करते हैं। यह आदमी मां सरस्वती के स्वरूप कलम को हवा में फेंक रहा है। इस बार जनता इन्हें सबक सिखाएगी। उन्होंने आरजेडी को "अपहरण, रंगदारी और गुंडागर्दी वाली पार्टी" बताया और कहा कि "शेर बूढ़ा भी हो जाए तो घास नहीं खाता, मांस ही खाता है।"

## कर्नाटक में BJP ने मनाया GST सुधारों का उत्सव, बांटी मिठाइयां

**कर्नाटक (एजेंसी)।** कर्नाटक भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू किए गए नए GST सुधारों का जोरदार स्वागत किया। सोमवार को बेंगलुरु और राज्य के कई हिस्सों में पटाखे फोड़कर और मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया गया। बेंगलुरु स्थित भाजपा राज्य कार्यालय जगन्नाथ



भवन में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इस दौरान मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के समर्थन में नारे लगाए गए। बाद में मल्लेश्वरम इलाके की दुकानों में मिठाइयां बांटी गईं। इस मौके पर विपक्ष के नेता चाल्वाडी नारायणस्वामी, विपक्ष के मुख्य सचेतक एन. रविकुमार, पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. नारायणस्वामी, राज्य उपाध्यक्ष एन. महेश और कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। भाजपा के राज्य अध्यक्ष और विधायक बी.वाई. विजयेंद्र ने भी शिवमोग्गा में मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। उन्होंने कहा कि दो-स्लैब वाला नया GST सिस्टम जनता के लिए "दीवाली गिफ्ट" है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री सीतारमण को बधाई दी और कहा कि यह सुधार जनता को समर्पित है। विजयेंद्र ने कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लंबे समय तक "गरीबी हटाओ" का नारा दिया लेकिन गरीबी दूर नहीं कर सकी। अब समय आ गया है कि भारत आत्मनिर्भर बने और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य पूरा करे। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए योजनाबद्ध रणनीति की जरूरत है और भारत को स्वदेशी उत्पादों पर ज़्यादा ध्यान देना चाहिए। इस दौरान विधान परिषद के सदस्य डी.एस. अरुण और डॉ. धनंजय सर्जी समेत कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## जीएसटी सुधारों से जीडीपी में 0.8% बढ़ोतरी की उम्मीद
### हर वर्ग को मिलेगा फायदा- हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि नए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के लागू होने से न केवल उपभोक्ताओं को तुरंत राहत मिलेगी, बल्कि भारत की जीडीपी में 0.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी भी होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितताओं का सामना कर रही है और इससे भारत की आर्थिक गति और मजबूत होगी। केंद्रीय मंत्री ने समाचार एजेंसी एएनआई से बताया "नवरात्रि के साथ ही बचत उत्सव की शुरुआत हो गई है। हर जगह खुशी और जश्न का माहौल है। जीएसटी दरों में कमी की गई है, जिसका लाभ समाज के सभी वर्गों को मिलेगा। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि इन सुधारों से जीडीपी में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। आत्मनिर्भर भारत के रास्ते से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा और इन सुधारों का सभी वर्गों ने स्वागत किया है।" उन्होंने बताया कि खासकर निचले मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सबसे ज्यादा फायदा होगा क्योंकि कई उपभोग वस्तुओं पर जीएसटी दरें कम कर दी गई हैं और कुछ मामलों में पूरी तरह हटा दी गई है। पुरी ने




भारत की आर्थिक प्रगति पर भी प्रकाश डाला और कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2014 में 2 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर आज 4.3 ट्रिलियन डॉलर हो चुकी है और आने वाले वर्षों में इसे 10 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य है। पुरी ने कहा, "ये कदम ऐसे समय पर उठाए गए हैं जब वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितताओं का सामना कर रही है। हमारा उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत और लचीला बनाना है।" इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राष्ट्र को संबोधित करते हुए जीएसटी सुधारों को सरकार के व्यापक सुधार एजेंडे का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि सुधार एक निरंतर प्रक्रिया है और इन बदलावों को देश की मौजूदा जरूरतों और भविष्य के सपनों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। पीएम मोदी ने यह भी घोषणा की कि पिछले 11 वर्षों में 25 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर आए हैं और इससे एक नई "नियो-मिडिल क्लास" का निर्माण हुआ है। उन्होंने सुधारों को जीएसटी बचत उत्सव (GST Bachat Utsav) की शुरुआत बताया और कहा कि यह लोगों की बचत बढ़ाएगा और उन्हें अपनी पसंद का सामान खरीदना आसान बनाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, "इस बचत उत्सव का लाभ गरीबों, मध्यम वर्ग, नियो-मिडिल क्लास, युवाओं, किसानों, महिलाओं, दुकानदारों, व्यापारियों और उद्यमियों तक पहुंचेगा। इस त्योहार के मौसम में हर घर की खुशियां और मिठास बढ़ेगी।" उन्होंने आगे कहा कि ये बदलाव अनुपालन को सरल बनाएंगे, विनिर्माण को बढ़ावा देंगे, उपभोक्ता कीमतों को कम करेंगे और निवेश को और आकर्षक बनाएंगे। गौरतलब है कि ये सुधार 56वीं जीएसटी काउंसिल बैठक में मंजूर किए गए थे। इससे कृषि, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे कई क्षेत्रों को मजबूती मिलेगी, कर आधार का विस्तार होगा और एमएसएमई की स्थिति भी मजबूत होगी।

रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

### सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रक्षा समझौता भारत के लिए क्या मायने रखता है?

सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रक्षा समझौता भारत की विदेश नीति की असफलता माना जा रहा है। भारत की सुरक्षा जरूरतों को यदि ध्यान में रखा जाए तो सऊदी अरब और पाकिस्तान का यह सुरक्षा समझौता भारत के लिए नुकसानदायक ही माना जाएगा। वैसे भारत की सैन्य और आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत है कि पाकिस्तान और सऊदी अरब मिलकर भी भारत को बड़ा नुकसान नहीं पहुंचा सकते हैं। फिर भी दीर्घ अवधि में इस समझौते का भारत पर प्रभाव पड़ेगा। सऊदी अरब के भारत से राजनीतिज्ञ, आर्थिक और कूटनीतिज्ञ संबंध अच्छे स्तर पर हैं। जबकि पाकिस्तान भारत का कट्टर दुश्मन देश है। इजरायल और अमेरिका के डर से हुआ सऊदी अरब और पाकिस्तान रक्षा समझौता नाटो समझौता के बाद विश्व का दूसरा ऐसा समझौता है जिसमें पाकिस्तान और सऊदी अरब पर किसी भी देश द्वारा किया गया आक्रमण दोनों देशों पर आक्रमण माना जाएगा और दोनों देश मिलकर उसका मुकाबला करेंगे। पाकिस्तान को सऊदी अरब से हुए रक्षा समझौते के सबसे ज्यादा फायदा दिखाई दे रहा है। इजरायल के आक्रमणों से सबसे ज्यादा पश्चिम एशिया के मुस्लिम देश परेशान दिखाई दे रहे हैं। इजरायल के सामने मुकाबला करने की किसी भी मुस्लिम देश के पास ताकत नहीं है। ईरान, तुर्की एवं पाकिस्तान ही इजरायल का मुकाबला कर सकते हैं। पाकिस्तान विश्व सैन्य क्षमता के अनुसार 12वा सबसे ताकतवर देश होने के साथ-साथ परमाणु संपन्न देश है। ऐसी स्थिति में सऊदी अरब पर इजरायल और अन्य देश का आक्रमण करना आसान नहीं होगा। सऊदी अरब आर्थिक रूप से धनाडय देशों में शामिल है। जबकि पाकिस्तान परमाणु हथियार संपन्न होने के बावजूद आर्थिक रूप से कमजोर देश है। पाकिस्तान पर आईएमएफ और काफी देश का बड़ा कर्ज है। आर्थिक कमजोरी के कारण पाकिस्तान की विश्व स्तर पर कमजोर इमेज बनी हुई है। दूसरा पाकिस्तान को आतंकवाद का पोषक भी माना जाता है। फिर सऊदी अरब से समझौता के बाद पाकिस्तान में सऊदी अरब और संयुक्त अमीरात की ओर से रेल, सड़क एवं बुनियादी ढांचे में बड़ा निवेश किया जाएगा, पाकिस्तान के सैन्य प्रोजेक्ट जो धन की कमी से बंद पड़े हैं या रुके हुए हैं शुरू हो जाएंगे। पाकिस्तान के मुस्लिम देशों में स्वीकार्यता बढ़ जाएगी। माना जा रहा है कि सऊदी अरब और पाकिस्तान के रक्षा समझौते में जल्दी और मुस्लिम देश जुड़ सकते हैं। तुर्की ने भारत पाकिस्तान युद्ध के समय पाकिस्तान की सैन्य मदद की थी। इसलिए तुर्की पाकिस्तान का सैन्य पार्टनर पहले से ही है। पाकिस्तान ऐसा देश है जो भारत में आतंकवाद फैलाता है, भारत को कमजोर करना चाहता है। अब जबकि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तो वह भारत में आतंकवाद फैलाने में और धन और संसाधन खर्च करेगा। वर्तमान में चीन पाकिस्तान का सहयोगी देश है। इसलिए कहा जा सकता है कि सऊदी अरब और पाकिस्तान का रक्षा समझौता भारत के लिहाज से ठीक नहीं कहा जा सकता है।

# मुसलमानों के नागरिक अधिकारों पर हमले जारी हैं !

## एक तरफ संघ प्रमुख कहते हैं कि हिंदू मन से सांप्रदायिक नहीं होता है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा की राज्य सरकारें लगातार मुसलमानों के नागरिक अधिकारों पर हमले कर रही है।




एक तरफ संघ प्रमुख मोहन भागवत कहते हैं कि हिंदू मन से सांप्रदायिक नहीं होता है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा के राज्य सरकारें लगातार मुसलमानों के नागरिक अधिकारों पर हमले कर रही है। इसमें हैरान होने वाली बात इसलिए नहीं है क्योंकि फासीवादी विचारधारा में हमेशा कथनी और करनी में अंतर होता है। भ्रम फैलाने के लिए अलग-अलग लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी जाती है। ताकि आम जनता उनके असली उद्देश्य को नहीं समझे। फासीवादी विचारधारा में एक व्यक्ति आपसी समानता और भाईचारे की बात करता रहता है। वहीं दूसरी तरफ जमीन पर वह अपने एजेंट के आधार पर काम करते रहते हैं। मुसलमानों के मामले में संघ और उससे जुड़े संगठन इसी नीति पर चलते हुए नजर आते हैं और मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। इसमें वह सारी संवैधानिक मान्यताओं को तार-तार कर देते हैं। भाजपा के एक विधायक खुलेआम घोषणा करते हैं कि यदि कोई हिंदू युवा मुस्लिम लड़की को फंसा कर शादी करता है तो उसको इनाम में पाँच लाख रुपए दिए जाएंगे। उनका यह भाषण नफरत फैलाने वाला है और सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट फैसला है कि समाज में नफरत फैलाने वाले बयानों पर संबंध राज्य की पुलिस स्वत संज्ञान लेकर ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करें और कानूनी कार्यवाही करें। लेकिन पुलिस उल्टा करती है ना तो खुद कोई कार्यवाही करती है बल्कि यदि कोई एफआईआर दर्ज करवाने भी जाता है तो पुलिस दर्ज नहीं करती है। बिहार के केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने तो सारी हदें पार कर दी उन्होंने अपने बयान में बिहार के पूरे मुसलमानों को ही हरामखोर कह दिया और कहा कि मुसलमानों ने नीतीश सरकार की सारी योजनाओं का लाभ तो उठा लिया है, लेकिन अब नीतीश की पार्टी को वोट नहीं दे रहे हैं। गिरिराज सिंह शायद भूल गए हैं के मुसलमान भी इस देश का नागरिक है और हर नागरिक की तरह हर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना उसका संवैधानिक अधिकार है। मैं कुछ और भाजपा शासित राज्य सरकारों के निर्णय का उदाहरण सामने रखता हूं जिससे साफ हो जाएगा कि भाजपा की राज्य सरकारें कैसे लगातार मुसलमानों के नागरिक अधिकारों पर हमलावर रही है। बात असम सरकार की करते हैं यहां का मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा जब भी मुंह खोलता है। उसके मुंह से मुसलमानों के लिए नफरत ही निकलती है। पहले उसने हजारों मुसलमानों के घरों को अवैध बताकर बुलडोजर चलवा दिये। फिर सैकड़ो मदरसों को बंद कर दिया। अब असम के बांग्ला भाषी भारतीय मुसलमानों को विदेशी साबित करने की साजिश कर रहा है। उसके लिए 1950 का इमीग्रेशन एक्ट को हथियार बना रहा है। यह एक्ट भारत के विभाजन के समय इसलिए बना था कि बांग्लादेश के पूर्वी पाकिस्तान के मुसलमान भारत में न आ पाये। लेकिन कुछ महीने बाद ही नेहरू जी के समझ में आ गया कि यह एक्ट धर्म के आधार पर भेदभाव करने वाला है। कोई भी धर्म का मानने वाला अगर भारत में रहना चाहता है तो उसे आने देना चाहिए और इस एक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अब इसको हथियार बनाकर हेमंत बिस्वा शर्मा की कैबिनेट ने एक (एस ओ पी) योजना लागू की है। स्टैंड आफटेरिंग प्रोसीजर। इसमें किसी भी बांग्ला भाषी पर शक हो जाता है कि यह विदेशी है तो कोई भी उसकी शिकायत जिला कमिश्नर को कर सकता है। जिला कमिश्नर उस व्यक्ति को नोटिस देगा और उसे 10 दिन में अपनी नागरिकता साबित करनी होगी और नागरिकता साबित करने के लिए कौन से दस्तावेज मानने होंगे इसका कोई उल्लेख नहीं है। यानी सब मुद्दा कमिश्नर के हाथ में है यदि कमिश्नर संतुष्ट नहीं होता है तो उसको सीधा हार्डींग सेंटर में भेज दिया जाएगा, और फिर बांग्लादेश डिपोर्ट कर दिया जाएगा। उसे सुनवाई का कोई मौका नहीं दिया जाएगा। कर्नाटक के संग से जुड़े हिंदूवादी संगठनों ने तो गजब ही कर दिया। कर्नाटक में सरकार अपने सरकारी धन से मैसूर में चामुंडा माता में विशाल दशहरे का आयोजन करती है। कर्नाटक सरकार ने इस बार इस दशहरे के आयोजन में कन्नड़ लोक लेखिका सुश्री बानू मुश्ताक को मुख्य अतिथि बनाने का फैसला किया था। क्योंकि वह कन्नड़ भाषा की पहली लेखक या लेखिका हैं। जिन्हें कन्नड़ साहित्य में विश्व प्रसिद्ध बुकर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। राज्य सरकार के इस फैसले के विरोध में हिंदूवादी संगठन कर्नाटक हाईकोर्ट चले गए और दलील दी की दशहरा हिंदुओं का त्यौहार है। इसलिए किसी मुस्लिम को इसमें मुख्य अतिथि नहीं बनाया जाये। अब कर्नाटक हाईकोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया। तो यह लोग सुप्रीम कोर्ट चले गए और वहां भी यही दलील दी। तब सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज करते हुए कहा कि दशहरे का आयोजन सरकार करती है, और उसके आयोजन में सरकारी धन खर्च होता है, और सरकार के संविधान के अनुसार सरकार का कोई धर्म नहीं होता है। सुश्री बानू मुश्ताक को इस आयोजन में मुख्य अतिथि बनाना उचित और संवैधानिक फैसला है। इस प्रकरण से आप समझ सकते हैं कि मोहन भागवत जी के संगठनों से जुड़े लोगों का हिंदू मन सांप्रदायिक है या नहीं। यूपी में तो पुलिस ने गजब ही कर दिया। कानपुर में ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में कुछ युवाओं ने आई लव मोहम्मद के बैनर लगा दिए। तो कुछ हिंदूवादी संगठनों ने विरोध किया और थाने चले गए और पुलिस 8 नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जब यह मुद्दा राष्ट्रीव्यापी बन गया और पूरे देश में पूछा जाने लगा कि आई लव मोहम्मद भारतीय दंड संहिता की कौन सी धारा का उल्लंघन हुआ है। पूरे देश में लाखों लोगों ने अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्टेटस में आई लव मोहम्मद लिखना शुरू कर दिया। तो कानपुर पुलिस बैकफुट पर आ गई और सफाई देने लगी की एफ आई आर तो टेंट के अतिक्रमण की है। अब जरा सोचिए कि अगर यह मामला सोशल मीडिया में ट्रेंड नहीं करता तो कानपुर पुलिस 10, 20 मुसलमानों को जेल में डाल चुकी होती। इस घटना से पता चलता है कि कैसे भाजपा शासित राज्यों में पुलिस का भी सांप्रदायिक करण हो गया है और इन राज्यों की पुलिस भी कैसे देश के मुसलमानों के नागरिक अधिकारों पर हमले कर रही है। मध्य प्रदेश में तो जैसे कानून का राज बचा ही नहीं है। इंदौर में एक कपड़ा बाजार है शीतला माता बाजार इस बाजार में सिर्फ महिलाएं ही खरीदारी करने आती हैं। इंदौर के विधायक पुत्र एकलव्य सिंह गौड़ ने फरमान जारी कर दिया कि दुकानदार अपने सभी मुस्लिम सेल्समैनों को नौकरी से निकालें। क्योंकि उनकी वजह से लव-जिहाद बढ़ रहा है और हैरानी की बात है दुकानदारों ने इस फरमान को मानते हुए सभी मुस्लिम सेल्समैनों को नौकरियों से निकाल दिया है। अब मोहन भागवत जी को बताना चाहिए कि उनके संगठनों से जुड़े लोगों के हिंदू मन में क्या है? राजस्थान के भीलवाड़ा में तो अजब वाक्य हुआ। कुछ लोगों ने अपने ठेलो पर वेज बिरियानी लिखा हुआ था। तो हिंदूवादी संगठन पुलिस के साथ पहुंच गए और कहने लगे बिरयानी मुस्लिम शब्द है। इसलिए बिरयानी की जगह वेज पुलाव लिखो। अब अनपढ़ों को कौन समझाएं की वेज भी और पुलाव भी दोनों ही तुम्हारे शब्द नहीं है। लेकिन यह सब मुसलमानों से नफरत करने के कारण कर रहे हैं। अगर हम सारी घटनाओं का विश्लेषण करें तो एक ही नतीजा निकलता है कि भाजपा शासित राज्य सरकारों में मुसलमानों के नागरिक अधिकारों को कुचला जा रहा है।

**डॉ. एस खान**

बिहार विस चुनाव

सुशील देव



# नई पार्टियों की एंट्री बदलेगी गणित या बढ़ाएगी कंफ्यूजन

बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गई है। इस बार की सबसे खास बात यह है कि कई नई राजनीतिक पार्टियां मैदान में उतर चुकी हैं। इससे न केवल राजनीतिक समीकरण बिगड़ सकते हैं बल्कि मतदाताओं के बीच असमंजस की स्थिति भी पैदा हो रही है। जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और महागठबंधन (राजद-कांग्रेस गठबंधन) चुनावी अखाड़े में प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं, वहीं इस बार नई पार्टियों की मौजूदगी ने पुराने दलों के लिए सिरदर्द बढ़ा दिया है। नई पार्टियों में सबसे ज्यादा चर्चा चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की अगुवाई वाली जन सुराज पार्टी की है जो इन दिनों बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है। जन सुराज को लंबे समय तक देशभर की राजनीति में चुनावी रणनीतियों के लिए डिजाइन किया है। अब वे खुद अपनी पार्टी के साथ मैदान में हैं। खास बात यह है कि उन्होंने बिहार की जनता के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है। गांव-गांव जाकर संवाद, पदयात्रा और जनता से सीधे संपर्क के जरिए उन्होंने साफ संदेश दिया है कि उनकी राजनीति जाति और धर्म के बंधनों से परे होगी। यही वजह है कि जन सुराज पार्टी को इस बार 'गंभीर खिलाड़ी' माना जा रहा है। वहीं पुरानी राजनीति को चुनौती देने वाली स्थिति भी रोमांचक है। बिहार की राजनीति पिछले पांच दशकों से लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार और दिवंगत रामविलास पासवान जैसे बड़े नेताओं के इर्द-गिर्द घूमती रही है। लेकिन इस बार तस्वीर बदलती नजर आ रही है। दो प्रमुख गठबंधनों के अलावा एआईएमआईएम (असदुद्दीन ओवैसी) और आजाद समाज पार्टी (चंद्रशेखर आजाद) भी सक्रिय हैं। इससे पहले बहुजन समाज पार्टी और प्लूरल्स पार्टी (पुष्पम प्रिया चौधरी) जैसी पार्टियां भी वोट कटवा की भूमिका निभा चुकी हैं। इन नई पार्टियों की मौजूदगी से यह तय है कि पारंपरिक वोट बैंक पर सेंध लग सकती है। जातिगत राजनीति बनाम स्वच्छ राजनीति भी इन दिनों में बिहार में चर्चा का विषय बना हुआ है। ध्यान रहे कि बिहार की राजनीति जातिगत समीकरणों से हमेशा प्रभावित रही है। इस बार भी कई छोटे दल ईबीसी (अति पिछड़ा वर्ग) और ओबीसी वोटरों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। महागठबंधन का पारंपरिक मुस्लिम-यादव वोट बैंक भी सुरक्षित नहीं है, क्योंकि एआईएमआईएम जैसी पार्टियां उसी वर्ग को साधने की रणनीति बना रही हैं। दूसरी ओर एनडीए में भी पिछड़े वर्गों पर पकड़ बनाए रखने के लिए कड़ी चुनौती है। हालांकि, जन सुराज जैसी पार्टियां यह दावा कर रही हैं कि वे जाति-धर्म से ऊपर उठकर स्वच्छ राजनीति की नई शुरुआत करना चाहती हैं। यदि जनता ने इन दावों पर भरोसा किया तो यह बिहार की राजनीति के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। दिल्ली की सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी (आप) ने भी बिहार चुनाव को गंभीरता से लेने की तैयारी की है। भले ही राज्य में उसका कोई खास जनाधार न हो, लेकिन हर सीट पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान करके उसने संदेश दिया है कि वह सिर्फ मौजूदगी दर्ज कराने नहीं बल्कि सशक्त विकल्प बनने का प्रयास कर रही है। वहीं, चिराग पासवान भी इस बार आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। उन्होंने सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का इरादा जताया है। इससे न केवल एनडीए बल्कि महागठबंधन में भी असहजता है। जहां तक छोटे दलों की बात है, उनमें भी कई प्रकार से बदलाव देखे जा रहे हैं। अव्वल तो यह है कि ज्यादातर सभी सीटों से चुनाव मैदान में उतरने को आमादा हैं। बिहार में 243 विधानसभा सीटें हैं और लगभग हर सीट पर दर्जनों दावेदार नजर आते हैं। कई छोटे दल पहले से ही उम्मीदवारों का ऐलान कर चुके हैं, जबकि कुछ टिकट वितरण की प्रक्रिया में हैं। अक्सर छोटे दल चुनाव से पहले बड़ी पार्टियों के साथ अप्रत्याशित गठबंधन कर लेते हैं। कई बार उनका उद्देश्य सिर्फ एक या दो सीट जीतना नहीं बल्कि टिकट बंटवारे और गठबंधन की राजनीति से तवज्जो और पहचान हासिल करना होता है। कुछ दल तो चंदा जुटाने और अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए भी मैदान में उतरते हैं। इन सबके बीच बड़ी पार्टियों को वोट कटवा की चिंता है। नई पार्टियों की एंट्री ने जहां पुरानी पार्टियों के लिए चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, वहीं मतदाताओं के लिए विकल्पों की भरमार से कंफ्यूजन बढ़ गया है। चुनावी परिणाम चाहे जो हो, इतना तय है कि इस बार का चुनाव राज्य की राजनीति की दिशा और दशा तय करने में निर्णायक साबित होगा। अगर नई पार्टियां जनता के विश्वास पर खरी उतरती हैं, तो बिहार की राजनीति में नई इबारत लिखी जाएगी। लेकिन अगर वे केवल वोट काटने तक सीमित रहीं, तो यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## नाम जप से मिट जाते हैं बुरे कर्म



संकलित

दर्शन

बुरे और अच्छे कर्मों का फल मिलता ही मिलता है। आपने भी कई बार लोगों को कहते सुना होगा कि इसके कर्म ही इसे ले डुबेंगे। दरअसल हर एक कर्म का फल यही इसी जिंदगी में भोगना है लेकिन क्या बुरे कर्म को कभी पूजा-पाठ या नाम जप से खत्म किया जा सकता है? इसका जवाब वृंदावन के जाने-माने संत प्रेमानंद महाराज ने दे दिया दिया है। एक भक्त के पूछे जाने पर प्रेमानंद महाराज ने तीन तरह के कर्मों के बारे में भी बताया। साथ ही उन्होंने समझाया कि नाम जप से कौन-कौन से बुरे कर्म खत्म किए जा सकते हैं और किन कर्मों का फल हमें किसी भी हालत में भुगतना ही पड़ता है। प्रेमानंद महाराज ने कहा कि जप से बुरे कर्म तो नष्ट हो जाते हैं लेकिन वर्तमान के बुरे कर्म। जो कर्म प्रारब्ध बन गया है वो नहीं। वो भोगना पड़ेगा। इस शरीर की रचना के वक्त जो प्रारब्ध बन गया है, वो भोगना ही पड़ेगा। वो नहीं काटा जा सकता है। बड़े-बड़े संतों को भी वो भोगना पड़ता है। अब अगर हम इतना डटकर नाम जप करें तो पहले जो वर्तमान की जो गलतियां हुई हमारी इस जन्म में वो पवित्र हो जाए। फिर पूर्व जन्मों का जो संचित यानी गोदाम जमा है वो भस्म हो जाए और प्रारब्ध को भोग लें तो हम निष्पात हो जाएंगे। भोग बड़ा कार्य है। इसलिए पूरा जीवन पाप ना करते हुए, धर्म से चलते हुए एक-एक कदम सावधानी से नाम जप करते हुए तब वो निष्पात हो जाता है। निष्पात होना बहुत कठिन है क्योंकि जबसे सृष्टि हुई तबसे हमारा हिसाब-किताब चल रहा है और आज तक भजन नहीं हुआ।

## लक्ष्य पर ध्यान लगाओ



संकलित

प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद अमेरिका में भ्रमण कर रहे थे। एक जगह से गुजरते हुए उन्होंने पुल पर खड़े कुछ लड़कों को नदी में तैर रहे अंडे के छिलकों पर बंदूक से निशाना लगाते देखा। किसी भी लड़के का एक भी निशाना सही नहीं लग रहा था। तब उन्होंने एक लड़के से बंदूक ली और खुद निशाना लगाने लगे। उन्होंने पहला निशाना लगाया और वह बिलकुल सही लगा। फिर एक के बाद एक उन्होंने कुल 12 निशाने लगाये और सभी बिलकुल सटीक लगे। ये देख लड़के दंग रह गए और उनसे पूछा, भला आप ये कैसे कर लेते हैं? स्वामी जी बोले, तुम जो भी कर रहे हो अपना पूरा दिमाग उसी एक काम में लगाओ। अगर तुम निशाना लगा रहे हो, तो तम्हारा पूरा ध्यान सिर्फ अपने लक्ष्य पर होना चाहिए। तब तुम कभी चूकोगे नहीं। अगर तुम अपना पाठ पढ़ रहे हो, तो सिर्फ पाठ के बारे में सोचो. मेरे देश में बच्चों को यही करना सिखाया जाता है। इधर, एक और घटना है। एक बार स्वामी विवेकानंद विदेश यात्रा पर गये थे। उनका भगवा वस्त्र और आकर्षक पगड़ी देख कर लोग अचंभित रह गये और वे यह पूछे बिना नहीं रह सके, आपका बाकी सामान कहां है? स्वामी जी बोले, मेरे पास बस यही सामान है। तो कुछ लोगों ने व्यंग्य किया, अरे! यह कैसी संस्कृति है आपकी? तन पर केवल एक भगवा चादर लपेट रखी है। कोट-पतलून जैसा कुछ भी पहनावा नहीं है? इस पर स्वामी विवेकानंद जी मुस्कुराये और बोले, हमारी संस्कृति आपकी संस्कृति से भिन्न है।

## महालय पर प्रभात फेरी



'दुर्गा पूजा' उत्सव की शुरुआत के प्रतीक 'महालय' के अवसर पर गुरुग्राम में निकाली गई 'प्रभात फेरी'।

## आज की पाती

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से।

*- विकास साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### प्रगति की समीक्षा



लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की प्रगति की समीक्षा की। यह दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री संग्रहालय होगा। यह भारत की प्राचीन समुद्री परंपराओं को प्रदर्शित करेगा और पर्यटन, अनुसंधान, शिक्षा और कौशल विकास का केंद्र बनेगा।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### हिंसा भड़का रहा विहिप



विश्व हिंदू परिषद कौन होता है यह तय करने वाला कि कौन गरबा में जाएगा और कौन नहीं? यह सलाह सिर्फ आयोजकों को निर्देश देने तक सीमित नहीं है, बल्कि कुछ कट्टरपंथी तत्वों को हिंसा भड़काने और बल प्रयोग करने का खुला निमंत्रण है। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं!

**- रामदास अठावले, केंद्रीय मंत्री**

### डल झील साफ



पिछले पांच वर्षों के दौरान, डल-निगीन झील और इसके जलग्रहण क्षेत्र के संरक्षण का काम मिशन मोड में किया गया है। डल झील साफ हुई है और बड़ी संख्या में घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित कर रही है।

**-मनोज सिन्हा, उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर**

### भाजपा की मिलीभगत



मानव-वन्य जीव संघर्ष के लिए भाजपा सरकार की अवैध कटाई करवाने की मिलीभगत जिम्मेदार है। जब पशुओं के सामने 'भोजन और आश्रय' का संकट आएगा तो वो हिंसक होंगे ही।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

### एक बार भारी आहार लेने से भी 'मेटाबॉलिज्म' व पाचन पर असर



नवरात्र शुरू हो रहे हैं और विशेषज्ञों की सलाह है कि इस दौरान उपवास करने वालों को रात्रि में अचानक भारी भोजन करने से बचना चाहिए। चिकित्सकों का मानना है कि ऐसा करना उनके 'मेटाबॉलिज्म' और पाचन तंत्र पर नकारात्मक असर डाल सकता है। आमतौर पर, नवरात्र में उपवास करने वाले श्रद्धालु दिन में फल और रात्रि में आलू-साबूदाना की खिचड़ी, सिंघाड़े के आटे का हलवा, लौकी, कद्दू, दूध, दही या पनीर इत्यादि चीजों का सेवन करते हैं। हालांकि, स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, नौ दिन तक खाने का यह पैटर्न नुकसानदायक साबित हो सकता है। दिनभर भोजन न करने से शरीर की ऊर्जा की जरूरत पूरी नहीं हो पाती है और शाम या रात्रि में भारी भोजन लेने से पाचन तंत्र पर दबाव पड़ता है। इससे अपच, एसिडिटी और पेट में भारीपन की शिकायत हो सकती है। दिल्ली स्थित अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल के 'डायटिक्स एंड न्यूट्रिशन विभाग' की वरिष्ठ कंसलटेंट दिव्या मलिक ने कहा, नौ दिन के उपवास में दिनभर कुछ न खाना और रात्रि में एक बार भारी भोजन लेने से पाचन तंत्र पर दबाव पड़ता है। मेटाबॉलिज्म भी धीमा पड़ सकता है क्योंकि भूखे रहने के बाद एक बार में ज्यादा खाना खाने से शरीर कैलोरी को सही तरीके से जलाने में मुश्किल महसूस करता है।

## ऑफ बीट

### मनोभ्रंश का कारण बन सकती है कम घंटों की नींद



देर रात तीन बजे आंख खुलने के बाद लगातार टकटकी लगाये छत पर लगे पंखे या घड़ी को देखते रहने से सिर्फ अगले दिन के लिए ऊर्जा कम होती है। अमेरिका में बुजुर्गों पर किए गए एक दीर्घकालिक अध्ययन में अब यह सामने आया है कि ज्यादा समय तक ये समस्या हमारे मस्तिष्क के अंदर होने वाले उन बदलावों से जुड़ी हुई है, जो मनोभ्रंश का कारण बनते हैं। अमेरिका के मेयो क्लिनिक के शोधकर्ताओं ने 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के 2,750 लोगों पर औसतन साढ़े पांच साल तक नजर रखी। अध्ययन में शामिल लोगों ने हर साल विस्तृत स्मृति जांच कराई और कई लोगों के मस्तिष्क स्कैन भी हुए, जिनसे भविष्य में संज्ञानात्मक समस्याओं के दो स्पष्ट संकेत मिले, जिनमें 'एमिलॉइड प्लेक' का निर्माण और मस्तिष्क के श्वेत पदार्थ में क्षति के छोटे-छोटे निशान शामिल हैं और इसे श्वेत पदार्थ 'हाइपरइंटेंसिटीज' भी कहते हैं। एक महीने के अंतराल पर कम से कम दो बार इस समस्या का निदान होने पर प्रतिभागियों को लंबे समय से इस समस्या से ग्रस्त माना गया। अध्ययन में पाया गया कि ये समस्या 16 प्रतिशत लोगों को प्रभावित करती थी। गहरी नींद में सोने वाले लोगों की तुलना में लंबे समय से अनिद्रा का शिकार लोगों की याददाश्त व सोचने की क्षमता में गिरावट देखी गई।

रॉयल पत्रिका

# भारत-पाक से फाइनल, सेमी फाइनल होता है तो विरोध जारी रहेगा- पठान

## -माताओं और बहनों के आंसू नहीं सूखे- सरकार ने मैच करवा दिया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस खेलकूद प्रकोष्ठ ने




भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित क्रिकेट मैच को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। प्रकोष्ठ ने चेतावनी दी है कि यदि दोनों देशों के बीच फाइनल या सेमीफाइनल जैसा कोई भी मुकाबला होता है, तो उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। यह बयान 18 सितम्बर 2025 को जयपुर में आयोजित कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद आया। बैठक में प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी के सदस्य और सभी जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पठान ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, "एक तरफ हमारे वीर जवानों की शहादत के बाद माताओं और बहनों के आंसू तक नहीं सूखे हैं, और दूसरी तरफ सरकार उनके साथ मैच करवा रही है।" उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की भावनाओं को देखते हुए इस तरह के आयोजन का कोई भी समर्थन नहीं किया जा सकता और उनका विरोध आगे भी जारी रहेगा। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। यह निर्णय लिया गया कि प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी की घोषणा अक्टूबर माह में की जाएगी, जिसमें नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

# मुस्लिम पार्षद की संख्या 30 से घटकर 5 पर आ सकती है

## -जयपुर में होगा एक नगर निगम
## -संयुक्त नगर निगम में होंगे 150 वार्ड



**एम खान**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान की भाजपा सरकार ने जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज को मिलाकर संयुक्त रूप से पहले की तरह एक ही नगर निगम बना दिया है। कांग्रेस सरकार ने जयपुर नगर निगम को दो भागों में बाटकर दो नगर निगम बना दिए थे। कांग्रेस पार्टी को उसका फायदा भी मिला था। कांग्रेस ने जयपुर नगर निगम में कांग्रेस का बोर्ड बना लिया था। जयपुर नगर निगम हेरिटेज में मुस्लिम एवं दलित आबादी होने के कारण कांग्रेस बीजेपी से ज्यादा पार्षद जीताने में कामयाब रही थी। जयपुर शहर को भाजपा का गढ़ माना जाता है। लेकिन धीरे-धीरे भाजपा की पकड़ जयपुर शहर में ढीली होने लगी है। जयपुर के दोनों नगर निगमो को मिलाने का उद्देश्य भी भाजपा सरकार का यही प्रतीत होता है कि लोकल सरकार भी बीजेपी जन प्रतिनिधियों के हाथ में रहे। वैसे चुनाव, चुनाव ही होता है। भाजपा को नगर निगम चुनाव में फायदा भी मिल सकता है और नुकसान भी हो सकता है। क्योंकि भाजपा का वोट बैंक ब्राह्मण, वैश्य एवं राजपूत समाज माना जाता है, जो जयपुर में बड़ी संख्या में है। दूसरी तरफ दूसरी जातियों की संख्या भी जयपुर में तेजी से बढ़ रही है। जयपुर के बाहरी क्षेत्रों में जाट, माली, दलित, मीणा भी बड़ी तादात में ग्रामीण क्षेत्रों में आकर बसे हैं। इसके अलावा दलित, मीणा और ओबीसी वर्ग की जातियों में जबरदस्त राजनीतिक जागरूकता है। ओबीसी, दलित और आदिवासी जातियों का मुकाबला श्रवण जातियों से हो सकता है। ऐसी स्थिति में दावा नहीं किया जा सकता है कि इस बार भाजपा को नगर निगम में बढ़त मिल ही जाएगी।

**मुस्लिम आबादी को बड़े वार्ड बनाकर सीमित करने की कोशिश-**
देश में लोकतंत्र के पुनर्गठन एवं नियम, उपनियम का फायदा उठाकर राजनीतिक फायदा उठाने की पुरानी परंपरा रही है। इसी तरह जयपुर नगर निगम पुनर्गठन में दिखाई दे रहा है। साफ तौर पर देखा जा रहा है कि दो-चार मुस्लिम बाहुल्य वार्डों को मिलाकर एक बड़ा वार्ड बनाने की कोशिश की गई है। संयुक्त नगर निगम में मुस्लिम बाहुल्य वार्डों में मतदाताओं की संख्या भी 30 हजार से ज्यादा कर दी गई है। यह इसलिए किया गया है कि मुस्लिम आबादी कुछ ही वार्डों तक सीमित रह जाए और कम से कम संख्या में मुस्लिम पार्षद जीत कर आए। निकायों के पुनर्गठन और विभाजन के सरकार के पास अधिकार होते हैं। सरकार के निर्णय को चैलेंज नहीं किया जा सकता है, लेकिन सरकार की मंशा क्या है समझा जा सकता है। ऐसा ही जयपुर नगर निगम में दिखाई दे रहा है। यहां मुस्लिम पार्षद कैसे कम से कम जीतकर आए, कोशिश की गई है।

# पैगम्बर मोहम्मद साहब (सल्ल.) रहमतुलिल्ल आलमीन कॉन्फ्रेंस आयोजित

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। इमाम बारगाह पन्नीगरान में 17 सितम्बर



2025 को पैगम्बर मोहम्मद साहब (सल्ल.) रहमतुलिल्ल आलमीन कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। यह आलमी कॉन्फ्रेंस ऑल इंडिया तक़रीब-ए-मज़ाहिब काउन्सिल की ओर से आयोजित की गई, जिसमें देशभर से उलेमा, आलिम और समाजसेवी रहनुमा एक मंच पर जुटे। कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य समाज और धर्म में एकजुटता का संदेश देना रहा। इस दौरान वक्ताओं ने मोहम्मद साहब (सल्ल) की शिक्षाओं और रहमतुलिल्ल आलमीन के उसूलों पर रोशनी डालते हुए आपसी भाईचारे, अमन और इंसानियत को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कॉन्फ्रेंस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और इसे धार्मिक व सामाजिक एकता की मिसाल बताया गया।

# हेरिटेज निगम के किशनपोल जोन ने पांच जर्जर भवन किए सीज

## -जर्जर भवनों में रहने वाले लोगों ने किया हंगामा, पुलिस और सतर्कता शाखा ने समझाइश की

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। हेरिटेज निगम की किशनपोल जोन ने पांच जर्जर भवनों को अस्थाई सीज कर दिया। कारवाई के दौरान जर्जर भवनों में रहने वाले लोगों को निकलने में निगम दस्ते को भारी मशक्कत करनी पड़ी। हंगामा बढ़ता देख निगम के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन का सहयोग किया और समझाइश कर सुरक्षित स्थान पर भेजा। कार्रवाई में एक जर्जर पार्षद कार्यालय भी सीज किया गया है। जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी ने बताया कि पांच असुरक्षित भवनों में से तीन भवनों को खाली कराए जाने पर इन भवनों में रहने वाले लोगों ने विरोध किया। इस पर सतर्कता शाखा




और स्थानीय पुलिस का सहयोग लिया। अतिरिक्त जाब्ता मंगाकर लोगों से समझाइश की गई। भवन मालिकों ने शपथ पत्र देकर 15 दिन में जर्जर हिस्से को ध्वस्त करने और शेष भवन की मरम्मत करने का आश्वासन दिया है। निगम टीम की ओर से जर्जर भवनों पर पूरी निगरानी रखी जा रही है।

**इन्हें किया गया सीज-**
मकान 1314, पार्षद कार्यालय के पास, अजायबघर का रास्ता, किशनपोल बाजार, 545, जय लाल मुंशी का रास्ता, चांदपोल, 551-52, जय लाल मुंशी का रास्ता, चांदपोल, 626, जय लाल मुंशी का रास्ता, चांदपोल, 749, चांदपोल बाजार।

# सुभाष चौक क्षेत्र में गिरा मकान, एक महिला की मौत

## -विधायक बालमुकुंदाचार्य ने 50 हजार मुआवजा देने की घोषणा की



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सुभाष चौक क्षेत्र में 18 सितम्बर 2025 को एक पुराना मकान गिर गया। इस हादसे में एक वृद्धा की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। प्रशासन की ओर से बालमुकुंदाचार्य ने पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। हालांकि, स्थानीय लोगों ने इस घोषणा पर नाराज़गी जताई और सवाल उठाया – "50 हजार से होगा क्या?" हादसे के बाद क्षेत्र में ग़मगीन माहौल है और लोग प्रशासन से ठोस मदद व कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सुभाष चौक क्षेत्र में कुछ दिन पहले भी एक मकान रात के समय गिर गया था। जिसमें तीन व्यक्तियों की मौत हो गई थी। नगर निगम प्रशासन ने फिर भी क्षेत्र के जर्जर मकानों को सील नहीं किया था। नगर निगम प्रशासन तभी सक्रिय होता है जब कोई मकान गिर जाता है और उसमें दबकर लोग घायल हो जाते हैं, या मर जाते हैं या फिर क्षेत्र में दूसरी घटना हो जाती है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर युवाओं को दिया "नशा मुक्त भारत" के लिए संदेश

## -भाजपा युवा मोर्चा की ओर से जयपुर, कोटा, अलवर, जोधपुर, उदयपुर में किया गया नमो युवा रन का आयोजन

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। को भाजपा युवा मोर्चा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस (21 सितम्बर) पर सेवा पखवाडा के तहत "नमो युवा रन-नशा मुक्त भारत" का आयोजन किया गया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नमो युवा रन को हरि झंडी दिखाकर अमर जवान ज्योति जयपुर से रवाना किया जो कि विधानसभा, नगर निगम रोड होते हुए, टोंक रोड, रामबाग सर्किल, अंबेडकर सर्किल, पुनः अमर जवान ज्योति पर समापन किया गया । भारतीय जानता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत प्रदेश में पाँच स्थानों पर "नमो युवा रन" का आयोजन किया गया । नमो युवा रन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "नशा मुक्त भारत" के संकल्प को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ भारत का निर्माण करना है। जयपुर शहर में आयोजित नमो युवा रन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जोधपुर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, उदयपुर में सांसद-विधायक, कोटा मंव लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, अलवर में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के द्वारा नमो युवा रन को रवाना किया गया और युवा शक्ति को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री व विधायक जितेन्द्र गोठवाल, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, प्रदेश मंत्री भूपेन्द्र सैनी, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, प्रदेश प्रवक्ता अशोक सैनी,भाजपा नेता पंडित सुरेश मिश्रा, डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावट, आरसीए एडहॉक कमेटी प्रदेश संयोजक डीडी कुमावत, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती, एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नारायण मीणा, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल, युवा मोर्चा जयपुर शहर जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह पुरूवंशी, आशीष चौपड़ा ,कार्यक्रम के संयोजक युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र पिलानिया एवं सह-संयोजक घनश्याम गौतम सहित हजारों युवाओं ने नमो युवा रन में भाग लिया।

# पटवारी हाथोज के दलाल को 30 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की एस.आई. यू. इकाई, जयपुर द्वारा कार्रवाई करते हुए हाथोज के पटवारी नरेंद्र मीणा, के दलाल विकास शर्मा को 30 लाख रुपये की रिश्वत लेते समय रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी एस. आई. यू चौकी जयपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी की हाथोज (कालवाड़ रोड) में स्थित 10 बीघा भूमि का नामांतरण खोलने की एवज में पटवारी नरेंद्र मीणा एवं उसके दलाल द्वारा, 50 लाख रुपये की रिश्वत की माँग कर परेशान किया जा रहा हैं। शिकायत का सत्यापन कराया गया, जिसमें पटवारी द्वारा 30 लाख रुपये की अंतिम माँग करना पाया गया। जिस पर एसीबी जयपुर रेंज के उपमहानिरीक्षक अनिल कयाल के सुपरविजन में एसीबी की एस. आई. यू इकाई के संदीप सारस्वत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में रविवार को ट्रैप कार्रवाई करते हुए रविवार को पटवारी के दलाल विकास शर्मा को 30 लाख रुपये की रिश्वत लेते समय रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इसमें 5 लाख रुपये वास्तविक मुद्रा तथा 25 लाख रुपये डमी नोट बरामद



किए गए। पटवारी नरेंद्र मीणा ए सी बी के ट्रैप की आशंका के चलते मौके पर उपस्थित नहीं हुआ तथा फरार हो गया है। उसकी तलाश जारी है।

# अकील अहमद नागौरी बने कांग्रेस कामगार संगठन के जयपुर संभाग प्रभारी

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय कामगार एवं कर्मचारी



कांग्रेस, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सूरजमल कर्दम ने प्रदेश संगठन महासचिव अकील अहमद नागौरी को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए जयपुर संभाग का प्रभारी नियुक्त किया है। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। अकील अहमद का जीवन लंबे समय से कांग्रेस पार्टी को समर्पित रहा है। उन्होंने संगठन के विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए हमेशा निष्ठा और ईमानदारी के साथ कांग्रेस को मज़बूत किया है। इस अवसर पर अकील अहमद ने कहा कि वे प्रदेश में संगठन को मज़बूती प्रदान करने और राहुल गांधी सहित शीर्ष नेतृत्व के हाथों को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

# जामडोली इलाके में अवैध रूप से स्मैक एवं गांजा सप्लाई करने वाले दो तस्करों को किया गिरफ्तार

## -गिरफ्तार आरोपी से उच्च क्वालिटी का 112 ग्राम गांजा किया जप्त

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पुलिस आयुक्त जयपुर के निर्देशअनुसार जिला जयपुर में अवैध नशा तस्करो व बेचने वालो व नशा करने वालो के खिलाफ चलाये जा रहे आपरेशन 'क्लीन स्वीप' के तहत समस्त थानाधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये जिस पर कार्यवाही करने हेतू अतिरिक्त



पुलिस उपायुक्त जिला जयपुर पूर्व आशाराम चौधरी (RPS) व सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर आदित्य पूनिया (RPS) एवं सहायक पुलिस आयुक्त आदर्श नगर सुश्री लक्ष्मी सुधार (RPS) के निर्देशअनुसार व बन्ना लाल (उ.नि.) प्रभारी जिला विशेष टीम जिला जयपुर पूर्व एंव मनोज कुमार (उ.नि.) आई सी थाना जामड़ोली एवं विश्म्भर दयाल उ.नि. आई सी थाना खोनागोरियान जिला जयपुर पूर्व के नेतृत्व में जिला विशेष टीम व पुलिस थाना जामड़ोली एवं खोनागोरियान की संयुक्त टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों स्मैक व गांजा सप्लाई करने व बेचने वालो के विरूद्ध आंसूचना संकलन कर सूचनाओं पर कार्यवाही करते हुऐ अवैध रूप से अवैध मादक पदार्थ स्मैक बेचने वाले के खिलाफ पुलिस थाना जामड़ोली ईलाके में कार्यवाही करते हुये सप्लायर राजकुमार मीणा पुत्र मानसिंह मीणा जाति-मीणा उम्र-24 साल निवासी ग्राम कोंडर पुलिस थाना सदर करौली जिला करौली हाल किरायेदार बाल गार्डन के पास महेश नगर पुलिस थाना महेश नगर जयपुर को गिरफ्तार किया जाकर कब्जे से 50 ग्राम स्मैक व परिवहन में प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकिल नं. RJ14 ZK 9243 को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना जामड़ोली में मु.न. 313/25 धारा 8/21, 8/29 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया गया। पुलिस थाना खोनागोरियान ईलाके में दूसरी कार्यवाही करते हुऐ गांजा सप्लायर तेजराम मीणा उर्फ टी.आर. पुत्र श्रीमन मीणा उम्र 30 साल जाति-मीणा निवासी ग्राम पोस्ट नांगल लाट पुलिस थाना टोडाभीम जिला करौली को गिरफतार कर कब्जे से 112 ग्राम गांजा किया जप्त आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना खोनागोरियान में मु.नं. 550 / 25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया गया।

**विवरण-** गिरफतार आरोपी राजकुमार मीणा ने पूछताछ में बताया कि में यह स्मैक सुनील निवासी महेश नगर से लेकर आया में यह स्मैक को सन्नी सांसी निवासी जयसिंहपुरा खोर जयपुर को देने जा रहा था मुझे यह काम करते 06 माह से ज्यादा समय हो गया है। इससे पहले में 3-4 बार सन्नी सांसी को स्मैक सप्लाई कर चूका हूं मुझे सुनील 15,000 रूपये महीने सैलेरी देता है। मुझे माल सप्लाई करने के लिए सुनील जगह बताता है वहा पर में स्मैक सप्लाई कर देता हूं। आरोपी से अनुसंधान हेतू पुलिस थाना ट्रांसपोर्ट नगर पर पूछताछ जारी। व पुलिस थाना खोनागोरियान में गिरफतार आरोपी तेजराम मीणा उर्फ टी.आर. ने पूछताछ में बताया कि में यह गांजा शिलांग मेघालय से लेकर आता हूं जिसकी गांजा पीने वालो की अलग से मांग होती है। यह गांजा साधारण गांजा से तीन गुना अधिक रेट में आता है जिसको में छोटी-छोटी पूड़िया बनाकर सप्लाई करता हूं। में एक पूड़िया को 2,000 रूपये में बेचता हूं मुझे छोटी-छोटी पूड़िया बेचने में खरीद से डबल रूपये बचते है। मुझे यह काम करते काफी समय हो गया है। इससे पहले में दिल्ली में रहकर गांजा सप्लाई करता था।

# ऑपरेशन गरिमा के तहत आमजन एवं महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़, छींटाकशी इत्यादि घटनाओं की प्रभावी रोकथाम हेतु पुलिस मुख्यालय राजस्थान



जयपुर द्वारा 16 सितम्बर से 30 सितम्बर तक चलाये जा रहे जन जागरूकता अभियान ऑपरेशन गरिमा के विषय में पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, योगेश दाधीच के निर्देशन में अभियान के तहत कालिका पेट्रोलिंग यूनिट महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा करते हुये तत्पर दिखाई दे रही है। विभिन्न सार्वजनिक स्थानों यथा शैक्षणिक संस्थान, गर्ल्स हॉस्टल, पी.जी., मॉल्स, पार्क व भीडभाड वाले स्थानों पर डयूटी करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ छेड़छाड़, छींटाकशी कर अश्लील हरकत करने व कॉलेज एवं स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाओं का पीछा कर परेशान करने तथा छेड़छाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों / मनचलों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एवं निर्भया हैल्पलाइन नंबरों पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करते हुए अभियान के दौरान कुल 02 मनचलों / असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही कर विभिन्न थानों में गिरफ्तार करवाया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, योगेश दाधीच के निर्देशन में अभियान के तहत कालिका पेट्रोलिंग यूनिट विभिन्न स्कूल, कॉलेज, कॉलोनी, मौहल्ला इत्यादि में जाकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर एवं बस स्टैण्ड, परिवहन संसाधन लो फ्लोर बस, सिटीबस, मिनीबस, अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट संसाधनों में यात्रा करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति व कानूनों के बारे में जानकारी देकर 22,055 महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। इसके साथ ही प्रोग्राम का सुपरविजन कर रही अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, रानू शर्मा के नेतृत्व में अभियान "ऑपरेशन गरिमा के तहत निर्भया स्क्वॉड की मास्टर ट्रेनर द्वारा विभिन्न स्कूल, कॉलेज, महाविद्यालय में जाकर 10,133 छात्र/छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण व हैल्प लाईन नम्बरों की जानकारी दी गई व 840 महिलाओं और बालिकाओं को राजकॉप सिटीजन एप (Need Help) के बारे में जानकारी देकर डाउनलोड करवाया गया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, रानू शर्मा ने बताया कि भीड़भाड़ वाले स्थानों में जाने वाली सभी बालिकाएं और महिलाएं अपने मोबाइल में निर्भया हेल्पलाइन के 5 नंबर 8764866090, 8764866091, 8764866092, 8764866093, 8764866094 को निर्भया 1, 2, 3, 4, 5 के नाम से अपने मोबाइल में सेव करें। किसी भी परेशानी होने पर इन नंबरों पर लिखित, मौखिक, ऑडियो, वीडियो या रिकॉर्डिंग भेजी जा सकती है। यह हेल्पलाइन 24 घंटे काम करती है।

# करीब 5 करोड़ की साइबर ठगी का किया खुलासा

## -आरोपियों के कब्जे से 4 लाख 56 हजार नकद बरामद



जयपुर। डीसीपी साउथ की देखरेख में जयपुर पुलिस ने साइबर अपराधियों पर 17 सितम्बर 2025 को बड़ी कार्रवाई की। मानसरोवर, शिप्रापथ और श्याम नगर थाने की संयुक्त कार्रवाई में करीब 5 करोड़ रुपये की साइबर ठगी का खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 लाख 56 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों ने लोगों को ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाकर करोड़ों रुपये हड़पे थे। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

# सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में हुआ 81 युनिट रक्तदान

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़े के तहत रविवार को अलवर शहर में विवेकानंद मंडल के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तवीरों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में 81 रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वन राज्य मंत्री शर्मा ने कहा कि रक्तदान परोपकार का सबसे सशक्त माध्यम है, जो जरूरतमंद को जीवनदान के समान है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में परोपकार परमोधर्म रहा है और रक्तदान शिविर जैसे आयोजनों में यह स्पष्ट परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी सोच देश के प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ, निरोगी एवं देश के विकास में सहभागिता की है।

# तकरार-इकरार-इजहार की अनूठी प्रस्तुति

## -मैं तेरी गीता पढ़ लूं, तू पढ़ ले कुरआन.....

## -देर रात तक चला चुटीला कव्वाली मुकाबला

**शब्बीर हुसैन**

बारां (रॉयल पत्रिका)। गुरूवार की रात्रि डोल मेला रंगमंच पर हुआ कव्वाली मुकाबले का दर्शकों ने



देर रात जमकर लुत्फ उठाया। देशभक्ति के मिसरो, चुटीलें तानों के साथ दोनो कव्वालों के मध्य हुए रोचक मुकाबले का श्रौताओं ने देर रात तक आनन्द उठाया। रब की इबादत के बाद भोपाल से आये कव्वाल शरीफ परवाज ने अपनी टीम के साथ ऐ देश के दुश्मन, तुझे सीमा में घुसने नही देगें, भारत का तिरंगा झुकने नही देगें.... जैसे कलाम के साथ दर्शकों में देशप्रेम का जज्बा जगाया। तो उन्होने मैं हु मुस्लिम, तू है हिन्द, में तेरी गीता पढ़ लू, तू पढ़ ले कुरआन..... कव्वाली पर दर्शकों की खूब दाद पाई। उनकी कव्वाली अपना जलवा सबको दिखा दे, सबके दिलों से नफरत मिटा दे... की प्रस्तुति भी दर्शकों को बांधे रखने में सफल हुई। उत्तर प्रदेश की मशहूर कव्वाला सनम वारसी- तुम्हे देखा है जब से दूसरा अच्छा नही लगता..... की प्रस्तुति ने महफिल में चार चांद लगा दिये। देररात दोनो कव्वालों के मध्य मुकाबला हुआ जिसमें चुटीली कव्वाली के माध्यम से पहले तकरार एवं फिर इकरार और इजहार का अनूठा प्रस्तुतिकरण किया गया। सनम वारसी ने - अपनी अदाओं का चला के जादू, हमे आशिक को पागल बनाना आता है मिसरें पर कव्वाल शरीफ परवाज के जवाब - हमकों भी महफिल सजाना आता है, इन नजरों से तीर चलाना आता है... पर श्रौता दीवाने हो गये। कव्वाली मुकाबला इतना रोचक था कि श्रौताओं ने कव्वाली के दौरान नजरानों का ढेर लगा दिया और फजर की नवाज तक कव्वालियों का लुत्फ उठाते रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में कव्वालों की टीम सहित बारां, अंता, मांगरोल, सीसवाली, अटरू, छबड़ा, किशनगंज से आये अतिथियों का उपसभापति नरेश गोयल मेलाध्यक्ष प्रतिनिधि पुरूषोत्तम नागर, प्रदीप विजयवर्गीय, शिवशंकर यादव, परवेज खान, ने माल्यार्पण और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।

# आमजन को मिले योजनाओं का लाभ- देवासी

## -प्रभारी मंत्री ने की जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

बारां (रॉयल पत्रिका)। ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को सेवा पर्व पखवाड़े



के अन्तर्गत आयोजित ग्रामीण व शहरी सेवा शिविरों की अब तक की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक मिनी सचिवालय सभागार जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की गई। इस दौरान किशनगंज विधायक डॉ. ललित मीणा, अटरू- बारां विधायक राधेश्याम बैरवा सहित जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने प्रभारी मंत्री को सेवा शिविरों में हुई प्रगति से अवगत कराया। बैठक में बजट घोषणा वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 से संबंधित अब तक की कार्य प्रगति पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि आमजन को राज्य सरकार की फ्लैगशिप व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने बजट घोषणा के अनुसार योजनाओं व कार्यों के लिए बजट जारी कर दिया है। गिरदावरी के पश्चात किसानों को फसल खराबे का त्वरित लाभ मिले। मांगरोल क्षेत्र में फसल बीमा को लेकर तकनीकी समस्या के निराकरण के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। राज्य सरकार की मंशा किसानों को संबल प्रदान करना है। बैठक में अतिवृष्टि के कारण फसल खराबें, क्षतिग्रस्त स्कूल भवन, सड़क व पुलिया की स्थिति से राज्यमंत्री को अवगत कराया गया। साथ ही खाद की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि विभिन्न मरम्मत कार्यों के लिए राज्य सरकार को 210 करोड़ के प्रस्ताव भेजें गए है। इस दौरान विधायक राधेश्याम बैरवा ने निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज का कार्य शीघ्र पूरा करने तथा विधायक ललित मीणा ने क्षेत्र में विद्युत समस्या के निराकरण को लेकर बात रखी। बैठक में समाज सेवी नरेश सिकरवार, प्रधान मोरपाल सुमन ने भी क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया। इससे पूर्व ओटाराम देवासी ने बटावदा स्थित ग्रामीण सेवा शिविर का अवलोकन किया। जहां उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा सेवा शिविरों के माध्यम से घर-घर जाकर वर्षों पुरानी लंबित समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक प्रत्येक योजना को लाभ दिलाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से संवेदनशीलता के साथ प्रत्येक व्यक्ति के कार्य को पूरा करने के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक डॉ. ललित मीणा एवं राधेश्याम बैरवा ने भी आमजन को संबोधित कर इस शिविरों से अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया। बैठक में सीईओ जिला परिषद राजवीर सिंह चौधरी, एसपी अभिषेक अंदासु, एसई राजवीर सिंह, एडीएम शाहबाद जबर सिंह, डीटीओ डॉ. कल्पना शर्मा, सीएमएचओ डॉ. संजीव सक्सेना, एडी समाज कल्याण शुभम नागर, एडी पीआरओ योगेन्द्र शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता परीक्षा संपन्न

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला निष्पादन



समिति चूरू के निर्देशानुसार आज प्रात 10:00 बजे से सायं काल 4:00 बजे तक नव भारत साक्षरता उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत चूरू ब्लॉक में लर्नर्स की प्रथम बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता एसेसमेंट टेस्ट का आयोजन किया गया। ब्लॉक समन्वयक साक्षरता चूरू चिरंजीलाल सैनी ने बताया चूरू ब्लॉक में 127 परीक्षा केंद्रों पर 8144 नवसाक्षरों की परीक्षा ली गई। साक्षरता ब्लॉक कोऑर्डिनेटर चिरंजी लाल सैनी ने निरीक्षण के दौरान चूरू ब्लॉक में राउप्रावि खेमका, चूरु राउप्रावि नंबर 14 चुरु, राउप्रावि नंबर 7 चूरू , राउप्रावि नंबर 8, चूरू राउप्रावि ढाणी एलएस पुरा, चूरू राउप्रावि असलु स्टेशन, चूरू एवं राप्रावि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के जो किसी कारणवश शिक्षा से वंचित रह गए नव साक्षरों को बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मक, गुणात्मक ज्ञान तथा डिजिटल साक्षरता के बारे में प्राप्त ज्ञान का मूल्यांकन करना था। परीक्षा शांतिपूर्ण व सूचना सुचारू रूप से संपन्न हुई ।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत रविवार को अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अख्तर खांन के नेतृत्व में नई सड़क स्थित 8 नम्बर पीएचसी



में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण, प्रदेश मंत्री डॉ वासुदेव चावला, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र काछवाल सहित अनेक भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने रक्तदान शिविर में जाकर युवाओं का उत्साहवर्धन कर सेवा के इस पुनित कार्य के लिए उनकी सराहना की। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ होकर 2 अक्टुबर तक सेवा पखवाड़ा चल रहा है जिसमें विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य किये जा रहे है। जिसमें रक्तदान शिविर लगाकर जगह जगह युवा रक्तदान कर रहे है। उन्होने कहा कि रक्तदान करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। रक्तदान से कई व्यक्तियों का जहां जीवन बच सकता है वही रक्तदान करने से मनुष्य का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। उन्होने कहा कि डबल इंजन की सरकार जिस रूप में हर वर्ग के लिए लोककल्याणकारी योजनाऐं बना रही है उससे समाज के सभी वर्गो को लाभ हो रहा है। इसी का परिणाम है कि अल्पसंख्यक समाज में भी भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्वास बढ़ता जा रहा है। उन्होने सभी युवाओं का आभार व्यक्त करते हुऐ कहा कि आप सब के मन में मानवता की सेवा की भावना रक्तदान शिविर के माध्यम से दिखाई दे रही है। जिसकी जितनी प्रशंसा की जाये उतनी कम है। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अख्तर खांन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुऐ कहा कि अल्पसंख्यक समाज के युवाओं में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ रहा है क्योंकि डबल इंजन की सरकार लगातार इस समाज के लिए कार्य कर रही है। उन्होने सभी युवाओं से अपील की कि वे सरकार की नीतियों को आमजन तक पहुचाये। उन्होने विश्वास व्यक्त करते हुऐ कहा कि हम सब कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों के अनुरूप कार्य कर रहे है। उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ इस सेवा पखवाड़े में रक्तदान करने वाले सभी रक्त वीरों का सम्मान किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक पदमसिंह राठौड़, रवि दाधीच, असगर अली जोईया, हाजी सरीफ सोलंकी, बाबू टेलर, इरशाद भाटी, दाऊद थीम शौकत गोरी, सलीम सब्जिफरोश,सलीम मणीयार, रमजान खांन बिजली विभाग, रमजान खां जोईया, इनायत खां जोईया,आसीफ खांन, इस्लाम खांन, मुस्लिम खांन, फरियाद खांन, मुलचन्द धूत, सौयब सोलंकी, शाहरूख, समीर चेजारा, अजीज खां सलेमखानी, अरबाज खांन, आसीफ खान जानी, आसीफ सब्जिफरोश, विनय पांडे, सरोज, संतोष, मनिषा, आलिया, मुस्कान पीएचसी स्टाफ सहित अनेक रक्तदाता कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा कार्यालय अधीक्षक रा.डी.बी. अस्पताल संबंध चिकित्सालय रक्तदान शिविर की टीम आशीष कुल्हरी, एसएमओ, जयपाल सिंह गोदारा एनओ, दलीप कुमार, परार्मशदाता, महमूद अली एलए, पंकज कुमार एलए, विनोद डाबी डब्लूबी आदी रक्तदान की टीम में सहयोग किया।

# राजस्थान पेंशनर्स मंच की कार्यकारिणी का पुनर्गठन

## -डॉ. अब्दुल मन्नान खान को पुन: कार्यकारी अध्यक्ष की कमान सौंपी

कोटा (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान पेंशनर्स मंच के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश क्रांतिकारी ने आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों पर केंद्र



सरकार की ढुलमुल नीति को देखते हुए राजस्थान पेंशनर्स मंच को ओर सक्रिय करने के लिए राजस्थान पेंशनर्स मंच की प्रदेश कार्यकारणी का पुनर्गठन किया है जिसमें डॉ. अब्दुल मन्नान खान को राजस्थान पेंशनर्स मंच के प्रति निष्ठा ओर समर्पित भाव से कार्य करने पर पुनः प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है इनके साथ सूरज प्रकाश टांक को भी कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बना गया है प्रदेश कार्यकारणी में राजस्थान के सभी जिलों के सदस्यों को प्रतिनिधित्व दिया गया है, कार्यकारणी में मुख्य रूप से संरक्षण मंडल में विधा सागर (कोटा), इंद्रपाल खुल्लर (गंगानगर), नवनीत पालीवाल (उदयपुर), सभाध्यक्ष- ईश्वर सिंह, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष - डॉ. अब्दुल मन्नान खान ओर सुरज प्रकाश टांक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष- नन्दलाल राठौर (झालावाड़), गुलाम रसूल मंसूरी, अभिमन्यु सिंह, आफाक़ नकवी (जयपुर), प्रदेश उपाध्यक्ष- एम एच खान (जयपुर), श्यामलाल गुप्ता (भरतपुर), रामसिंह पूनिया (चूरू), प्रदेश मुख्य महामंत्री मुकुट बिहारी शर्मा (जयपुर), महामंत्री डूंगर सिंह( बाडमेर), प्रदेश सचिव आरिफ़ हुसैन गौरी ( झालावाड़), गोविन्द प्रसाद मिश्रा (जयपुर), महामंत्री महिला प्रकोष्ठ आशा कालरा, महिला मंत्री निर्मला, प्रचार मंत्री हरिश वर्मा, संगठन मंत्री चंन्द्र शेखर, कार्यकारणी सदस्य यज्ञ दत्त हाडा (कोटा), रविन्द्र चतुर्वेदी (बूंदी), शिवदत्त सोनी( नैनवाँ), डॉ. अब्दुल खालिद (कोटा) जैसे 80 सदस्यों को पद दे कर राजस्थान पेंशनर्स मंच के पदाधिकारी के रूप में संगठन ओर पेंशनर्स के हित में कार्य करने का दायित्व सौंपा है, बहुत जल्दी प्रदेश स्तर पर व्यापक मीटिंग का आयोजन किया जाएगा जिसमें पेंशनर्स की समस्याओं के लिए आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।

# भाजपा शहर मंडल ने "सेवा परववाड़ा" के तहत चलाया स्वच्छता अभियान

बारां (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर देशभर में जारी सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा बारां



शहर मंडल के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयों ने शहर अध्यक्ष ओपी पारेता की अगुवाई एवं भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश सिकरवार, क्षेत्रीय विधायक राधेश्याम बैरवा सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक ब्रह्मानंद शर्मा जयपुर संभाग सह प्रभारी संजीव भारद्वाज, जिला महामंत्री हरगोविंद जैन, भाजपा नेता राकेश जैन, प्रधान मोरपाल सुमन, सेवा पखवाड़ा सह संयोजक मुकेश केरवालिया आदि नेताओं की मौजूदगी में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की। भाजपा जिला प्रवक्ता सचिन सनाढ्य व सह प्रवक्ता योगेश राजोरा ने बताया की पीएम मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर देशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत सेवा कार्यों के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं इसी के अंतर्गत रविवार को प्रात 7:00 बजे शहर के चार मूर्ति चौराहा स्थित रेलवे स्टेशन परिसर मे भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयों ने साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अशोक बत्रा, गोविंद सिंह चौहान, सुरेंद्र गालव, निर्मल माथोडिया, श्रीकृष्ण मेहता, देहात अध्यक्ष अमरदीप केदाहेड़ी, पृथ्वीराज मीणा, पुनीत माहेश्वरी, विद्यारतन जयंत, योगेश गोढ़, निकलेश शर्मा, वरुण अजमेरा, चेतन बैरवा, रामेश्वर शर्मा, द्वारका प्रसाद प्रजापति, रमेश मीणा, मनोज प्रजापति, विजेंद्र नागर, भगवती बैरवा, अजय यादव, सियानंद मेहरा, गणेश लोधा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेलार्थियों की संख्या में हुई अप्रत्याशित वृद्धिः जिला प्रमुख

## -समारोह पूर्वक हुआ ऐतिहासिक डोल मेला का समापन

बारां (रॉयल पत्रिका)। इस बार डोल मेला बहुत ही यादगार साबित हुआ और नगर परिषद ने इस बार नवाचार कर अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया। काफी



मेहनत के बावजूद इतने बड़े आयोजन में कोई ना कोई कमी छूट ही जाती है जिसका भविष्य मे सुधार किया जाना चाहिए। यह उद्गार व्यक्त किये जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया ने। वे गत 20 दिनों से चल रहे डोल मेले के समापन की रस्म अदायगी के समारोह में बोल रही थी। इस अवसर पर उन्होने कहा कि मेले आपसी भाईचारे के प्रतीक होते है, इसका आमजन को सम्पूर्ण लाभ लेना चाहिए। उन्होने इस बार आयोजित किए गये मेले की तारीफ करते हुए मेलाध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होने कहा कि हमारे कार्यकाल में तालाब की पाल पर जो कार्य कराया गया उसकी वजह से मेले का क्षैत्रफल बढ़ा और व्यापारियों को भी लाभ हुआ। जैन ने अफसोस जताते हुए कहा कि तालाब की पाल का कुछ काम बाकी रह गया था पर हमारी सत्ता जाने के बाद मौजूदा नुमाईन्दे इस कार्य को भी पूरा नहीं करवा पा रहे है। विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रशान्त भरद्वाज ने कहा कि वास्तव में इस बार मेला अन्य सालों की अपेक्षा काफी यादगार यादे छोड़ गया। मेले की तारीफ सुन इसबार मेलार्थीयों की संख्या में भी अप्रत्याशित वृद्वि देखने को मिली। और परिषद ने अतिरिक्त राजस्व भी प्राप्त किया। कार्यक्रम में शहीद राजमल मीणा की पत्नि वीरांगना कमलेश देवी मीणा भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। अन्त मे आभार व्यक्त करते हुए मेलाध्यक्ष ममता नागर ने कहा कि मेले की सफलता इस बात से ही आंकी जा सकती है कि मेले मे इस बार राजस्व बढ़ने के साथ-साथ मेलार्थियों की भी संख्या मे भी अधिक वृद्वि देखी गई। आयोजन में शामिल होना आसान है पर 20 दिवस तक इतना बड़ा आयोजन चलाने के लिए कितनी मशक्कत करनी होती है, वो किसी को दिखाई नही देती। उन्होने इस अवसर पर सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि सबसे अच्छी बात तो यह रही कि यह आयोजन दलगत राजनीति से दूर रहा और सभी ने मेले की सफलता के लिए कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग दिया। कार्यक्रम के दौरान मेले की सफलता के लिए सभी पार्षद और कर्मचारियों समेत जिला प्रमुख ने मेलाध्यक्ष ममता नागर को श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील शर्मा और मीडिया प्रभारी लक्ष्मण वर्मा सागर ने किया। कार्यक्रम के दौरान मेले के प्रमुख व्यापारी, जल व्यवस्था करने वालों समेत अखाड़ों के उस्तादों और मीडियाकर्मीयों को उपसभापति नरेश गोयल, पुरूषोत्तम नागर, प्रदीप विजयवर्गीय, शिवशंकर यादव, परवेज खान, रोहित सक्सेना, मयंक माथोडिया, यशवंत अर्जुन, राजेन्द्र जैन, अक्षय भूमलिया, अहमद शरीफ, असमा रानी आदि पार्षदों ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# मदरसा अंजुमन इस्लामियां और प्रिया हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में महिला एवं प्रसूति रोग चिकित्सा शिविर संपन्न

## -59 महिलाओं ने उठाया नि:शुल्क शिविर का लाभ

बारां (रॉयल पत्रिका)। आमजन तक चिकित्सा लाभ पहुंचाने ओर बीमारी के प्रति महिलाओं को



सजग रखने के उद्देश्य से रविवार 21 सितंबर को मदरसा अंजुमन इस्लामियां ओर प्रिया हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क महिला एवं प्रसूति रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन मदरसा अंजुमन इस्लामियां में किया गया। शिविर में प्रिया हॉस्पिटल की डॉक्टर समरा मसूद ने महिलाओं को परामर्श दिया। मौके पर बल्ड प्रेशर, बल्ड शुगर सहित विभिन्न प्रकार की जांचे निःशुल्क की गई। शिविर का आयोजन प्रिया हॉस्पिटल के प्रबंधक मनोज अग्रवाल, दर्जी स्टूडियो के प्रोपराइटर इमरान फॉरवर्ड ओर एम आर शाहिद अंसारी के विशेष सहयोग से संभव हुआ। रविवार को आयोजित शिविर में 59 महिलाओं ने इसका लाभ उठाया। इस दौरान प्रिया हॉस्पिटल से डॉक्टर फातिमा जोहरा, असगर उर्फ अली भाई सहित स्टॉफ के कई सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजुमन सदर माजिद सलीम, नायब सदर जाकिर मंसूरी, इकबाल नेता, नासिर खान बंटी सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# राजस्थान विधानसभा में कांग्रेस विधायकों पर एक्स्ट्रा कैमरे लगाने के विरोध में प्रदर्शन

## -कांग्रेस की ओर से चूरू में विधानसभा अध्यक्ष का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला कांग्रेस कमेटी (अभाव अभियोग प्रकोष्ठ) की ओर से राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष



गोविन्द सिंह डोटासरा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अभाव अभियोग प्रकोष्ठ) की प्रदेश अध्यक्ष योगिता शर्मा, चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष इंद्राज खिचड के सानिध्य में तथा पीसीसी की ओर से बीकानेर पश्चिम प्रभारी एडवोकेट सद्दाम हुसैन, चूरू जिला कांग्रेस कमेटी (अभाव अभियोग प्रकोष्ठ) के जिला अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद नायक एवं युवा कांग्रेस अध्यक्ष शोयल खान डीके की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से राजस्थान विधानसभा में एक्स्ट्रा कैमरे लगाने के विरोध में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का पुतला दहन कर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का पुतला फूंकते हुए जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि यह कदम न सिर्फ विधायकों की निजता का उल्लंघन है बल्कि लोकतंत्र की गरिमा के भी खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कदम का उद्देश्य पारदर्शिता नहीं बल्कि विधायकों पर अनावश्यक रूप से निगरानी रखना है। इस अवसर पर शाहिल खान, अल्ताफ रंगरेज, सेवाराम मेघवाल, इनायत अली खान, मनपाल नायक, जाकिर हुसैन हवा सिंह, जुबेर, मदनलाल, उम्मीद खान, सोनू, सरताज अली, समीर खान, रोहन कुमार, राजकुमार, चैन सिंह, अयान, अयूब अली, संतोष, विनायक, बाबूलाल, रौनक, गजेंद्र, मयंक, वरुण, किशन, विशाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला झालावाड़ की महिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

झालावाड़ (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सारिका सिंह ने राष्ट्रीय महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अलका लाम्बा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा की सहमति से जिला झालावाड़ की महिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारणी घोषित की जिला झालावाड़ की अध्यक्ष वर्षा शर्मा ने बताया की जिले की कार्यकारणी के कोषाध्यक्ष पद पर डॉक्टर अनामिका, मिडिया प्रभारी रेखा शर्मा, प्रवक्ता रेखा कुमारी मेहर, संगठन महासचिव सम्पत बाई, उपाध्यक्ष के पद पर शोभा रानी, चंद्रकला न्यूटन, नीता खत्री, रेहाना, जहेरा बोहरा, केलाशी बाई, राजी बाई, महासचिव संजीदा बानो, सुनीता भील, कुंजवती शर्मा, श्यामा शर्मा, नेहा शर्मा, कलावती पांचाल, गीता सुमन, कृष्णा राठौड़, कमलेश कंवर, वीणा मेहरा, पूजा साहू, सचिव पद पर अनुभा तिवारी, विनीता मेहर, सुमित्रा राठौड़, अंजना मीणा, मोना गुप्ता, रीना गुप्ता, रेखा शर्मा, साधना शर्मा, रेखा उपाध्याय, अनीता शर्मा, संतोष राठौड़, प्रियंका मीणा, मेमूना गुलजार, संजीदा खानम, सह सचिव के पद पर नीलम शर्मा, रीना शर्मा, प्रमिला तिवारी, मंजू तिवारी, वर्षा सेन, धापू लोधा, नेहा लोधा, टीना मेघवाल, बबली शर्मा, विशाखा बैरागी, निशा चौधरी, दीपिका सेन, भूरी बाई, अहमदो बी, अर्चना कंवर, भगवती मेहर, कमलेश सुमन, अनीता शर्मा, कविता मेघवाल को नियुक्ति किया गया महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष वर्षा शर्मा ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह एडवोकेट व शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

# झालावाड़ पुलिस का सक्रिय अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

## -28 बदमाशों की खोली हिस्ट्रीशीट

**फिरोज खांन वारसी**



झालावाड़ (रॉयल पत्रिका)। झालावाड़ जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने 28 सक्रिय अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने का आदेश दिया है। इन अपराधियों पर झालावाड़ जिले के विभिन्न थानों में मादक पदार्थ तस्करी, हत्या, लूट और नकबजनी के कुल 275 मामले दर्ज हैं। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने 21 सितंबर को बताया कि यह पहला मौका है जब एक साथ इतने अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। इन अपराधियों की गतिविधियां न केवल आम लोगों में भय पैदा करती हैं, बल्कि किशोर और युवा भी इनसे प्रभावित होकर अपराध की राह पर चल पड़ते हैं। झालावाड़ जिले के सभी थानों को इन अपराधियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। अगर ये अपराधी दोबारा किसी अपराध में शामिल पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उनका लक्ष्य झालावाड़ को अपराध और नशा मुक्त बनाना है। इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य, आमजन समाज में चैन और सुकून से जीवनयापन कर सके।

# अब तक 100 से ज्यादा निकाह करवा चुका फाउंडेशन

## -12 अक्टूबर को तीसरी बार होगा 25 जोड़ों का सामूहिक निकाह
## - दूल्हा-दुल्हन से लिया जाएगा मात्र एक रुपए

**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक संस्था मुस्लिम युवा फाउंडेशन समिति पाली की और से पाली में तीसरी बार मात्र एक रुपए में आम मुस्लिम समाज सामूहिक



विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें 25 जोड़ो का एक साथ निकाह करवाया जाएगा। जिसके तहत पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित कर सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों का आगाज किया गया। अध्यक्ष मेहराज अली चूडिगर ने बताया कि इस सामूहिक सम्मेलन में दूल्हा दुल्हन के परिवार वालों से मात्र एक रुपए लिया जा कर निकाह करवाया जा रहा है। जिसमें अब तक 25 जोड़ो का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। समिति के प्रवक्ता मोहम्मद खालिद कादरी ने बताया कि महंगाई के इस जमाने में सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन से अल्पआयवर्ग परिवारों को अपनी बेटियों की शादी के लिए काफी राहत मिलती और आसान तरीके से निकाह का आयोजन हों रहा है और कई परिवार लाभांवित हो रहे है। समिति द्वारा वर्ष 2023 से अब तक 100 से ज्यादा शादियां मात्र एक रुपए में करवाई जा चुकी है। इसी कड़ी में आगामी 12 अक्टूबर को हैदर कॉलोनी स्थित साल वाले बाबा दरगाह परिसर में 25 जोड़ो का सामूहिक निकाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में मौलाना सय्यद मुहम्मद कादरी जयपुर मुख्य अतिथि रहेंगे तथा पाली के गणमान्य नागरिक व ओलमाए किराम विशिष्ट अतिथि रहेंगे। सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों में कमेटी के अध्यक्ष मेहराज अली चूडिगर, संयोजक जाकिर गौरी, चांद मोहम्मद संजरी, शकील अहमद नागौरी, जहिर अली मकरानी, सत्तार पठान, इकबाल भाई मोयल, इंसाफ अली साता वाले, हसन चौहान, वाहिद खान,इंसाफ सोलंकी, अकरम खिलेरी, रईस सोलंकी, अफजल पठान, अशरफ खान, अरबाज खान अज्जू, परवेज अंसारी, आरिफ नवीन, रफीक सोलंकी, सलीम फ्रूट वाले, गुड् भाई, फकीर मोहम्मद चढ़वा, वाहिद खान, यासीन सबावत, अय्यूब सुलेमानी, रफीक सोलंकी,अनवर हुसैन सोजत, रफीक भाटी, इकबाल भाटी, फारूक रंगीला, हाजी मोहम्मद सोलंकी, असगर कुरैशी, सैयद अबूबकर, सदाकत अंसारी, फिरोज सामरिया, नादिर अंसारी, इमरान जोया, गौस मोहम्मद, इस्माइल गौरी, जावेद जिलानी, नौशाद KGN, सलीम कुरैशी, इस्लामुद्दीन मोयल, हुसैन अजमेरी, वसीम भाटी, फैजान पठान, वसीम अल्फ़ाज़, फिरोज खिलेरी, मोहम्मद साजिद, समीर खान मोयल, आदि कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# पिछले दस दिनों से बरसाती पानी से घिरा बिछावाडी क्षेत्र

## -रास्ते बंद होने से ग्रामीण परेशान

सांचौर (रॉयल पत्रिका)। उपखंड मुख्यालय के बिछावाडी गांव में



पिछले 10 दिनों से पानी भराव की समस्या ने ग्रामीणों का जीना दुश्वार कर दिया गांव की गलियों से लेकर सरवाना जाने वाला मुख्य रास्ता पानी में डूबा हुआ है हालात इतने खराब है की जगह-जगह तीन फीट से ज्यादा पानी जमा हो गया है ग्रामीणों ने बताया की शुरुआत में उन्हें लगा था कि पानी दो-तीन दिन में सूख जाएगा लेकिन 10 दिन बीत जाने के बावजूद पानी जस का तस खड़ा है। इसी बीच मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है जिससे बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस जल भराव ने उनके रोजमर्रा के जीवन को ठप कर दिया। बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है बुजुर्ग और महिलाएं घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं बीमार मरीजों को इलाज के लिए उपखंड मुख्यालय तक ले जाना भी चुनौती बना हुआ है क्योंकि आने-जाने का रास्ता पूरी तरह बंद है लोगों का आरोप है कि उन्होंने कई बार प्रशासन को इस समस्या से अवगत करवाया लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है उनका कहना है यदि समय रहते पानी निकासी और नालियों की सफाई का काम किया गया होता तो यह स्थिति नहीं बनती। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्दी प्रशासन पानी की निकासी और रास्ते खोलने की व्यवस्था नहीं करता तो वह सामूहिक आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी पिछले 10 दिनों से लगातार पानी से गिरे घरों में गांव में कहीं आने-जाने का रास्ता नहीं है लोगों को मच्छरों के प्रकोप से बीमारी का खतरा मंडराने लगा है ना ही कोई संसाधन है जिसको लेकर एक गांव से दूसरे गांव जा सकते हैं बार-बार प्रशासन को अवगत करवाने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है ग्रामीणों ने प्रशासन को एक बार फिर चेतावनी दी हैं यदि वह समय रहते पानी निकासी की समस्या का समाधान करते हैं अन्यथा मजबूरन ग्रामीणों को आंदोलन पर उतरना होगा।

# राजस्थान कायमखानी महासभा का प्रथम भामाशाह सम्मान समारोह संपन्न हुआ

## -समारोह में 95 भामाशाहों को सम्मानित किया गया



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर कायमखानी छात्रावास चुरू में राजस्थान कायमखानी महासभा की तरफ़ से "भामाशाह सम्मान समारोह 2025" का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता शिक्षाविद हाजी आजम अली खान ने की एवं मुख्य अतिथि राजस्थान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया एवं वशिष्ठ तिथि फतेहपुर विधायक हाकम अली खान रहें। समारोह का आगाज कुराने पाक की तिलावत के साथ शायर इदरीश राज खत्री ने किया इस मौके पर मंचस्थ बिसाऊ चेयरमैन मुस्ताक खां, पुस्से खान सरदार शहर, पूर्व प्रधान उस्मान खान सीकर, अयूब खान रिटायर्ड A.O. बेसवा, हाजी गन्नी खान, रियाजत खान, गोविंद महनसरीया, रमज़ान खान दौलतखानी, मजीद खान राणासर सरपंच, संजय भाटी, नारायण बालान, आसिफ खान, इरशाद मंडेलिया एवं सफी खान टी. टी. बिसाऊ उपस्थित रहे। इस मौके पर कायमखानी छात्रावास चुरू में जो विकाश के निर्माण में सहयोग करने वाले तकरीबन 95 भामाशाहों का शोल उढ़ाकर साफा पहनाकर ओर प्रतीक चिह्न से मंच पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर छात्रावास में मंडेलिया द्वारा बनाया गया। एक होल 30 बाई 60 का उद्घाटन रफीक मंडेलिया एवं विधायक हाकम अली खान ने फिता काट कर शुभारंभ किया। चुरू जिला इकाई अध्यक्ष मुंशी खान चाँदखानी ने छात्रावास का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया इस मौके पर मुख्य अतिथि एवं सभी वक्ताओं ने समाज में विकास के बारे में उद्बोधन किया। कायमखानी समाज के प्रबुद्ध जन सलीमुद्दीन खान रुकनखानी, इकबाल खान कबीरखानी, आमीन खान दौलतखानी, ज़ाकिर खान के के, अख्तर खान रुकनखानी, शहबाज खान टेंट, अकरम अल्फखानी, महमूद खान के के, सिकंदर खान, भंवरू खान ठेकेदार, अनवर खान रिटायर्ड थानेदार, रमजान खा जोईया तहसील अध्यक्ष ओर छात्रावास कमेटी अध्यक्ष जब्बार खान अल्फखानी महबूब खान, गफ्फार खान, पप्पू खान,आदि ने आने वाले मेहमानों का फूल मालाओं, साफा पहनाकर स्वागत किया। समारोह में शहर और ग्रामीण से काफी संख्या में लोगों ने शिरकत की समारोह की अध्यक्षता कर रहे शिक्षाविद आजम अली खान ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह का सफल संचालन इदरीस राज खत्री ने किया।

# स्वास्तिक नगर के लोग बोले- सरकार ने अब तक नहीं की आर्थिक सहायता

## -प्रभावित परिवारों ने पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ को सुनाई पीड़ा
## -पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने डिप्टी सीएम दिया कुमारी व प्रभारी सचिव गायत्री राठौड़ से बात कर जल्द प्रभावित परिवारों को विशेष पैकेज दिए जाने की मांग की

अजमेर (रॉयल पत्रिका)। अजमेर दौरे पर आए पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने बोराज तालाब की पाल टूटने से हुए जल प्रलय के पीड़ितों से मुलाकात की और उनकी पीड़ा सुनी। इसके



बाद राठौड़ ने डिप्टी सीएम व अजमेर प्रभारी मंत्री दिया कुमारी तथा प्रभारी सचिव ( आईएएस) गायत्री राठौड़ से बातचीत कर पीड़ितों को पूरे नुकसान का मुआवजा देने के लिए जल्द विशेष पैकेज जारी करने की मांग की है। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने बताया कि अजमेर आने के बाद स्वास्तिक नगर के अतिवृष्टि पीड़ितों से मिला। इस दौरान समाजसेवी महिला लवीशा रामानी, जलप्रलय से पीड़िता महिला नीतू, परमजीत कौर व पूजा आदि पीड़ितों से बातचीत की। इसके अलावा भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हुए प्रकाश आलवानी के घर जाकर उनके परिजनों और मोहल्ले के प्रभावित लोगों से बात की और उनका दर्द सुना। सरकार की उदासीनता से आहत प्रभावित लोगों ने बताया कि जल प्रलय से लाखों का नुकसान हो गया। लेकिन सरकारी स्तर पर उनको किसी प्रकार की सहायता अब तक नहीं दी गई। आर्थिक सहायता के तौर पर पीड़ित परिवारों को फूटी कौड़ी तक नहीं मिली, जबकि जिला प्रशासन व सरकार के मंत्रियों ने दौरा करके जल्द राहत व सहायता देने का आश्वासन दिया, उनके आश्वाशन सिर्फ आश्वासन ही बने है। गत दिनों विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भामाशाह के सहयोग से सहायता के लिए नगद राशि व चेक दिए, उनके भी रुपए नहीं मिले। जो नगद राशि व चेक वितरण किए गए, उसमें भी भेदभाव किया गया, कम नुकसान वालों को ज्यादा मुआवजा और ज्यादा नुकसान वालों को कम राशि का भुगतान किया गया। राठौड़ ने कहा कि पीड़ित महिलाओं और लोगों की पीड़ा सुनने के बाद डिप्टी सीएम व अजमेर प्रभारी मंत्री दिया कुमारी व प्रभारी सचिव ( आईएएस) गायत्री राठौड़ से फोन पर बात की और जल प्रलय से पीड़ितों को जल्द विशेष पैकेज जारी करने की मांग की, ताकि लोगों को आपदा से राहत मिल सके। साथ ही। डिप्टी सीएम दिया कुमारी व प्रभारी सचिव गायत्री राठौड़ से कहा कि जब स्वास्तिक नगर में तालाब टूटने से जल प्रलय हुआ, तब उत्तर विधानसभा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की टीम ने घर घर जाकर आपदा प्रभावित परिवारों का दौरा किया और नुकसान का सर्वे किया था, ऐसे में पीड़ितों को कांग्रेस पार्टी के सर्वे के अनुसार मुआवजा दिया जाए। यदि कांग्रेस पार्टी के सर्वे में किसी प्रकार की कोई कमी लगे तो इस सर्वे को सरकारी सर्वे से मिलान कर मुआवजा तय किया जाए। राठौड़ ने सरकारी सर्वे पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो सरकारी सर्वे हुआ, उस सर्वे में खाना पूर्ति की गई है, इस सर्वे में जल प्रलय के पीड़ितों को जितना नुकसान हुआ है, उसका पूरी तरह से आंकलन नहीं किया गया। कई पीड़ित परिवारों का सर्वे की सूची में नाम तक नहीं है। ऐसे में सभी पीड़ितों को सही सर्वे के माध्यम से उनके हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलाया जाए। राठौड़ ने कहा कि स्वास्तिक नगर के लोग अभी जल प्रलय की पीड़ा झेल रहे है। मेरे स्वयं के स्तर पर राशन सामग्री, शिक्षण सामग्री व बिस्तर वितरण का कार्य अभी तक जारी है।

# ढाढर में चिकित्सा शिविर आयोजित



**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव ढाढर की पीएचसी में कर्मचारी सहयोग, विकास एवं सेवा समिति के सहयोग से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश, बीसीएमएचओ डॉ. जगदीश सिंह भाटी, बीपीएम ओमप्रकाश प्रजापत ने किया। इस मौके पर दंत चिकित्सक डॉ. मनफूल सिंह कस्वां, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. शिवम, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. वरुण, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरन्नुम ने 160 रोगियों को परामर्श व दवा प्रदान की। निक्षय मित्र ईशराराम कस्वां ने पोषण किट वितरित किए। समिति अध्यक्ष यादराम कस्वां, सूबेदार हरिश्चन्द्र, सुखाराम स्वामी, संपत सिंह, शीशपाल खारड़िया, मास्टर अयूब खान राणासर व पीएचसी स्टाफ सदस्य मौजूद थे। डॉ. राहुल कारेल, डॉ. अमित प्रजापत, डॉ. लोकेश कारेल ने सहयोग किया।

# जोधपुर से कारवां-ए-अमन द्वारा लखनऊ में दादा मियाँ के उर्स पर चादर पेश

## -कौमी एकता और भाईचारे का दिया पैगाम

जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। सूर्यनगरी जोधपुर से कारवां-ए-अमन दल ने लखनऊ स्थित हजरत ख्वाजा मोहम्मद नबी रजा शाह उर्फ



दादा मियाँ कादरी चिश्ती अबुल उलाई जहाँगीरी के 118वें उर्स मुबारक के मौके पर चादर पेश की। यह चादर ख्वाजा मोहम्मद सबाहत हसन शाह की सरपरस्ती (अध्यक्षता) में पीर मोहम्मद अरशद कादरी नूरानियां शेर की ओर से पेश की गई। इस अवसर पर पीर मोहम्मद अरशद कादरी नूरानियां शेर व हज़रत क़ारी पीर मोहम्मद शरीफ शाह कश्फि सहित कई मुरीदीन जैसे मोहम्मद सोहेब, मोहम्मद आकिब, रवि सेन, यासीन काज़ी, मोहम्मद आसिफ, कुलदीप कंडारा, भूपेन्द्र शास्त्री, मुराद खा, आफताब खान, मोहम्मद रमज़ान आदि शामिल हुए। सभी ने मिलकर आपसी सौहार्द, भाईचारे और देश में अमन व तरक्की की दुआएं कीं। प्रवक्ता शौकत अली लोहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि खलीफा ए आजम हजरत पीर मोहम्मद अरशद कादरी नूरानियां शेर ने बताया कि उर्स मुबारक बड़े शानो-शौकत के साथ मनाया जा रहा है। इसमें आयोजित आलमी सेमिनार (विश्व स्तरीय विद्वान सम्मेलन) में समाज में तालीमी बेदारी (शिक्षा को बढ़ावा) के लिए देश के जाने-माने विद्वान अपना खिताब (व्याख्यान) पेश करेंगे। पीर मोहम्मद अरशद कादरी व क़ारी पीर मोहम्मद शरीफ शाह ने आस्ताने पर हाजिर होकर लोगों को कौमी एकता, भाईचारे और मुहब्बत का संदेश दिया। साथ ही सभी के लिए विशेष दुआएं कीं—जैसे देश की तरक्की, अमन, बीमारों को शिफा, बेरोजगारों को रोजगार, बेऔलाद को औलाद, और परेशान हाल लोगों को राहत मिले।

# दावते इस्लामी वेलफेयर द्वारा ब्लड डोनेट कैंप लगाया गया

पाली (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर आज इस्लाम के आखरी पैगम्बर मुहम्मद सल्ललाहु



अलैहि वसल्लम के 1500 वे जन्मदिन के अवसर पर दावते इस्लामी के वेलफेयर डिपार्टमेंट गरीब नवाज रिलिफ फाउंडेशन कि तरफ से बांगड़ चिकित्सालय मे रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमे नोजवानो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और ब्लड डोनेट किया। इस मौके पर पाली विधायक भीमराज भाटी ने ब्लड केन्द्र पर पहुंच कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और इस कार्य की सरहाना की। मदनी मरकज के इमाम आसीम मदनी ने बताया कि जी एन आर एफ का नारा है कि खुन कि कमी से कोई ना मरे इसी मकसद के तहत 21 सितम्बर को पाली में ब्लड डोनेशन कैम लगाया गया है। जिसमें लगभग 170 यूनिट रक्तदान हुआ। बताया कि इससे पहले हमने चुरू, राजगढ़,सरदार शहर में भी कैंप लगाया था। इस मौके पर अस्पताल स्टाफ डॉ. तन्नु, जोगसिंह मरकज से GNRF गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के पाली जिला अध्यक्ष इरशाद अहमद, मौलाना असीम रजा, मौलाना आबिद अली मदनी, मौलाना मुहम्मद हनीफ अलिमी, कारी अजहर हाफिज शकील, असलम अत्तारी, गुलाम यासीन अत्तारी, महबूब अत्तारी, इस्लामुद्दीन अत्तारी, शारुख अली, आदि लोग उपस्थित रहे।

# वेदांता हिन्दुस्तान जिंक सिटी हाफ मैराथन, देश के 27 राज्यों एवं विदेश से 7 हजार से अधिक प्रतिभागी दौड़ेंगे

## -मैराथन में लाखों रुपये से अधिक का पुरस्कार पूल एवं सभी प्रतिभागियों को जिंक आधारित मेडल मिलेगा

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक उत्पादक कंपनी, हिन्दस्तान जिंक द्वारा वेदांता हिन्दस्तान जिंक सिटी



हाफ मैराथन का दूसरा एडिशन रविवार को आयोजित होगा, मैराथन की शुरूआत उदयपुर फील्ड क्लब से होगी। इस बार देश के 27 राज्यों एवं विदेश से कुल 7 हजार से अधिक धावकों के प्रतिभागिता करने की उम्मीद है, जो पिछले साल के रिकॉर्ड से कहीं अधिक है। वेदांता हिन्दस्तान जिंक सिटी हाफ मैराथन अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की पहल, नंद घर द्वारा चलाए जा रहे रन फॉर जीरो हंगर अभियान का समर्थन करने के लिए प्रेरित करेगा, जिसका उद्देश्य भारत में कुपोषण को खत्म करना है। 3 लाख के नकद एवं अन्य पुरस्कार के साथ, यह मैराथन इस दौड में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को शीर्ष धावकों के साथ शांत फतेह सागर झील के चारों ओर एवं अरावली पर्वतमाला का अनुभव करने का अवसर प्रदान करेगी। वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन में 5 किमी, 10 किमी, 21 किमी एवं रेस वीथ चैंपियंस की अलग-अलग श्रेणियां होंगी, फिनिशरर्स को शहर की सुंदरता का अनुभव करने करने के साथ साथ हिन्दस्तान जिंक द्वारा उत्पादित बेहतरीन जिंक से बने विशिष्ट मेडल प्राप्त करने का मौका मिलेगा। इस मैराथन में प्रोफेशनल एथलीट, सीनियर सिटिजन, दिव्यांग और बच्चे शामिल होंगे, जो इसे सामुदायिक भावना का उत्सव बनाते हैं। प्रतिभागियों के अनुभव को बढ़ाने के लिए, एबीसीआर द्वारा विशेष व्यवस्था की जाएगी, हाइड्रेशन स्टेशन मार्ग के साथ स्थित होंगे, जो आवश्यक जलपान प्रदान करेंगे एवं वेन्यू पार्टनर फील्ड क्लब उदयपुर होगा। इसके अतिरिक्त, अनुभवी फिजियोथेरेपिस्ट और डॉक्टरों द्वारा संचालित चिकित्सा स्टेशन और आराम करने के स्थान मेडिकल पार्टनर गीताजंली हॉस्पिटल द्वारा उपलब्ध होंगे। वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन तीन अलग-अलग श्रेणियां होंगी प्रतिभागी उदयपुर की विरासत से समृद्ध मार्ग महाराणा प्रताप स्मारक, सहेलियों की बाड़ी जैसे हरे-भरे बगीचे और प्रतिष्ठित नीमच माता मंदिर पहाड़ी जैसे प्रतिष्ठित स्थलों के बीच से गुजरेगी। 2024 में पहले संस्करण की शानदार सफलता के बाद, जिसमें दुनिया भर से 5 हजार से अधिक धावकों ने भाग लिया था, इस साल मैराथन एक बड़े विजन के साथ आयोजित हो रहा है। हिन्दस्तान जिंक द्वारा आयोजित वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन, एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन (एआईएमएस) और डिस्टेंस रेस का आधिकारिक सदस्य है, जिसे एआईएमएस प्रमाणन प्राप्त है। विश्व स्तर पर प्रशंसित इस दौड़ कैलेंडर में सूचीबद्ध यह मैराथन एक असाधारण अनुभव होगी, भारत की सबसे खूबसूरत मैराथन के रूप में पहचान बनाने वाली, वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन सिर्फ दौड़ ही नही, बल्कि उदयपुर की सांस्कृतिक और प्राकृतिक समृद्धि को भी दर्शाती है।

# गीतांजली हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने साड़ी के माध्यम से दिया वेलनेस का सन्देश

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। उदयपुर में आयोजित साड़ी फेस्टिवल में गीतांजली हॉस्पिटल का "वेलनेस वाली साड़ी सेशन" इसलिए रहा क्योंकि चिकित्सक होने के साथ-साथ उन्होंने साड़ी फेस्टिवल को स्वास्थ्य और वेलनेस से जोड़कर समाज के लिए



विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम का आयोजन शी सर्किल से श्रीमती तारिका भानूप्रताप, सीपीएस स्कूल और रॉकवुड्स के सहयोग से किया गया| इस अवसर पर गीतांजली हॉस्पिटल की वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. पूजा गांधी, डॉ. रेनू मिश्रा, डॉ. नलिनी शर्मा, डॉ. अनुपमा हाड़ा, डॉ. नीलम तोषनीवाल, डॉ. भामिनी जाखेटिया और डॉ. रेखा राठौड़ ने सक्रिय भागीदारी निभाई। गीतांजली चिकित्सकों के समूह को "बेस्ट साड़ी ग्रुप" के सम्मान और पुरस्कार से नवाज़ा गया। इस सम्मान का विशेष महत्व प्रेरणादायी संदेश प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को सभी डॉक्टरों द्वारा वेलनेस संदेश दिया गया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल "स्वस्थ नारी, शक्ति परिवार" के बारे में जानकारी साझा की गई। सूचना प्रसारण विभाग से हरलीन गम्भीर और मानव संसाधन विभाग से राधिका सुवालका ने भी इस साड़ी उत्सव में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। गीतांजली हॉस्पिटल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी है बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सदैव बढ़-चढ़कर भाग लेता है।

# सांचौर के नेहड़ क्षेत्र में दलदल में फंस रहे हैं मवेशी, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

सांचौर (रॉयल पत्रिका)। नेहड़ क्षेत्र में इस साल हुई अतिवृष्टि और लूनी नदी के तेज प्रवाह के कारण लगातार पिछले एक महीने से बहते पानी ने नेहड़ क्षेत्र की जमीन को दलदली कर दील। खेत खलियान और खुली जमीन पर पानी लंबे समय तक ठहरने से चारों ओर दलदल बन गया। इस दलदल से खुले में विचरण करने वाले मवेशियों की जान पर खतरा मंडराने आने लगा है। कई बार सुनसान जगह पर फंसने से पशुओं की जान भी चली जाती है पिछले दिनों में हकड़ा बांध के पास की जमीन पर दो-तीन भैंसे दलदल में बुरी तरह फस गई। मौके से गुजर रहे ग्रामीणों ने घटना देखी तो तुरंत मौके पर पहुंचकर घंटों की मशक्कत के बाद भैंसों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। ग्रामीण तालिब खान ने बताया कि नेहड़ क्षेत्र की जमीन में पानी अधिक समय से ठहरने से यह दलदल हो जाती है चरते फिरते पशु जब इस क्षेत्र में पानी के अंदर जाते हैं तो अनजाने में दलदल में फंस जाते हैं कई बार दूर दराज के इलाकों में फंसने पर समय रहते पता नहीं चलने से पशुओं की मौत भी हो जाती हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या पूरे नेहड़ क्षेत्र में आम हो गई है। पशुपालकों को लगातार मवेशियों पर नजर रखनी पड़ रही है ताकि वह दलदल में फंस कर हताहत ना हो सके।

नेहड़ क्षेत्र की खेजड़ीयाली, सुराचंद, सुसिपाहियों की ढाणी जोरादर पंचायत क्षेत्र के गांव में इस प्रकार की स्थिति ज्यादा है वहीं लोगों ने प्रशासन से भी मांग की है कि इस स्थिति से निपटने के लिए उचित कदम उठाया जाए और प्रभावित क्षेत्रों को निरीक्षण कर पशु को बचाने का प्रयास किया जाए।

## आवश्यकता

जयपुर से प्रकाशित होने वाले अख़बार "रॉयल पत्रिका" को सीकर, झुंझुनूं के लिए रिपोर्टर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें - 8058969180/9799559096



टीवी इंडस्ट्री के थकाऊ वर्क कल्चर पर बोलीं -

# हफ्ते में एक दिन की छुट्टी जरूरी

**टीवी** और फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस नायरा बनर्जी ने टीवी इंडस्ट्री के थकाऊ वर्क कल्चर पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे लंबे समय तक शूटिंग करने से कलाकारों की सेहत, नींद और परफॉर्मेंस पर असर पड़ता है। बात करते हुए नायरा बनर्जी ने कहा है कि एक्टर्स को अच्छा काम तभी मिल सकता है जब वे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। हफ्ते में एक दिन की छुट्टी या कम से कम आधे दिन का ब्रेक जरूरी होना चाहिए ताकि कलाकार अपने परिवार, निजी जिंदगी और खुद के लिए समय निकाल सकें। उन्होंने बताया कि बिना आराम के कोई भी कलाकार अपने किरदार को पूरी ऊर्जा और भावनाओं के साथ नहीं निभा सकता। नायरा बनर्जी ने कहा, टीवी इंडस्ट्री में 15-15 घंटे की शूटिंग आम बात है, जो बेहद थकाऊ होती है। जब भी मैं कोई नया शो साइन करती हूं, तो पहले ही यह तय कर लेती हूं कि हफ्ते में कम से कम एक दिन की छुट्टी जरूर मिले। मैं चाहती हूं कि काम और जिंदगी के बीच एक संतुलन बना रहे, ताकि ना सिर्फ मेरा प्रोफेशनल काम अच्छा हो बल्कि मेरी पर्सनल लाइफ भी ठीक चले। अगर एक्टर्स को खुद के लिए समय नहीं मिलेगा, तो नतीजे उनके काम और सेहत दोनों पर नजर आएंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह इस समय कोई टीवी शो करना चाहेंगी, तो उन्होंने कहा, हां, लेकिन सिर्फ अपनी शर्तों पर। अगर रोल दमदार हो, शूटिंग की जगह पास में हो जैसे कि फिल्म सिटी, डायरेक्टर अच्छा हो, चैनल भरोसेमंद हो, और मेहनताना ठीक-ठाक हो, तो मैं शो करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि वह अब समझदारी से प्रोजेक्ट्स चुनती हैं और किसी भी तरह के दबाव में आकर काम नहीं करना चाहतीं। अपने करियर के बारे में बात करते हुए नायरा बनर्जी ने कहा, मैं खुद को लकी मानती हूं क्योंकि मुझे कभी किसी एक छवि में नहीं बांधा गया। इंडस्ट्री में अक्सर एक्टर्स को टाइपकास्ट कर दिया जाता है, लेकिन मैंने टीवी, साउथ इंडियन फिल्म्स और वेब सीरीज तीनों में काम किया है। इसी वजह से मुझे कभी सिर्फ टीवी एक्ट्रेस या साउथ एक्ट्रेस नहीं कहा गया। मैंने हर मीडियम में काम करके खुद को साबित किया है।

## हुमा को बुसान फिल्म फेस्टिवल में मिला फेस ऑफ एशिया अवॉर्ड

हुमा कुरैशी बुसान फिल्म फेस्टिवल में फेस ऑफ एशिया का अवॉर्ड पाकर काफी खुश हैं। इस अवॉर्ड को उन्होंने अपने लिए बहुत खास बताया। अवॉर्ड लेते हुए वह इमोशनल भी हुईं और अपने सपनों को पूरा करने की कहानी को एक्ट्रेस ने बयां किया।

### हुमा ने याद किया अपना स्ट्रगल

अवॉर्ड पाने के बाद फिल्म फेस्टिवल के मंच पर हुमा कुरैशी ने कहा, 'बुसान में यह मेरा पहला एक्सपीरियंस है। यह अवॉर्ड मेरे लिए बहुत खास है। मेरे पिता दिल्ली के निजामुद्दीन में पैदा हुए थे, मां एक गांव में पैदा हुई थीं। मुझे हमेशा कहा जाता था कि एक्ट्रेस बनना मेरे बस की बात नहीं है। यही वजह है कि आज यहां खुद को देखना बड़ी बात है। यह अवॉर्ड उन युवा लड़कियों के लिए है, जो कुछ करना चाहती हैं, जो सपने देखने की हिम्मत रखती हैं।'

### पर्सनल लाइफ को लेकर की चर्चा



इन दिनों हुमा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में हैं। हाल ही में कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि हुमा ने अपने कथित बॉयफ्रेंड रचित सिंह से गुपचुप सगाई कर ली है। लेकिन एक क्रिप्टिक पोस्ट के जरिए हुमा ने इन बातों पर विराम लगा दिया। अपनी पोस्ट में हुमा ने लिखा, अपने काम से काम रखो। हुमा के कथित बॉयफ्रेंड रचित एक्टिंग कोच हैं। वे आलिया भट्ट, रणवीर सिंह और विक्की कौशल जैसे एक्टर्स को ट्रेनिंग दे चुके हैं। रचित ने 'कर्मा कॉलिंग' सीरीज से अभिनय की शुरुआत की थी। हुमा और रचित लंबे वक्त से दोस्त हैं। दोनों को कई बार साथ में देखा गया है। टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुमा की फिल्म बयान की स्क्रीनिंग के दौरान भी रचित दिखाई दिए थे।



## 31वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस में शामिल हुईं रुबीना दिलैक

**अभिनेत्री** रुबीना दिलैक हमेशा अपने फैशन सेंस से दर्शकों के दिलों में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाती रहती हैं। अभी हाल ही में अभिनेत्री 31वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडियन सोसाइटी ऑफ ओरल इम्प्लांटोलॉजिस्ट के उद्घाटन समारोह में शामिल हुई थीं, जिसकी जानकारी उन्होंने शुक्रवार को एक पोस्ट के जरिए दी। अभिनेत्री ने समारोह की कुछ तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट की, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 31वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडियन सोसाइटी ऑफ ओरल इम्प्लांटोलॉजिस्ट के उद्घाटन समारोह में शामिल होकर गर्व महसूस हो रहा है। ये देखकर खुशी हुई कि 30 अलग-अलग देशों से आए हुए होनहार और बुद्धिमान लोग एक साथ मिलकर तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। रुबीना ने स्काई ब्लू कलर की एलिगेंट साड़ी के साथ पिंक कलर का ब्लाउज पेयर किया है। लॉन्ग सिल्वर इयररिंग्स और बिंदी ने उनके ट्रेडिशनल लुक को और खूबसूरत बना दिया। वहीं, बालों को हल्के कर्ल से स्टाइल किया है। तस्वीरों की बात करें तो पहली में रुबीना बड़ी-सी खिड़की के पास बैठकर कैंडिड पोज देती नजर आ रही हैं। दूसरी में वह चेयर पर बैठकर चिक सनग्लासेस लगाए नीचे की ओर देखते हुए पोज देती नजर आ रही हैं। वहीं, तीसरी में वह हाथों में गुलाब का गुल्दस्ता लिए पोज दे रही हैं। बाकी तस्वीरों में वह और कई तरह के पोज दे रही हैं। वीडियो की बात करें तो वह पहली वीडियो में स्पीच दे रही हैं और दूसरी में स्टेज पर बच्चों के साथ नजर आ रही हैं। रुबीना ने टीवी सीरियल छोटी बहू और शक्ति- अस्तित्व के एहसास की जैसे हिट शो में अपने अभिनय का जलवा बिखेरा है। इसके अलावा, वह बिग बॉस 14 की विनर भी रह चुकी हैं, जिसके बाद उनकी लोकप्रियता और भी बढ़ गई थी। इन दिनों वह पति अभिनव शुक्ला के साथ पति पत्नी और पंगा में नजर आ रही हैं। शो 2 अगस्त से कलर्स टीवी और जीयोहॉटस्टार पर प्रसारित हो रहा है।

## फाल्के बायोपिक और महाभारत, पहली बार दो प्रोजेक्ट पर साथ काम करेंगे आमिर

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले अभिनेता आमिर खान इन दिनों अपने दो बड़े प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इनमें एक ओर है भारतीय सिनेमा के जनक कहे जाने वाले दादासाहेब फाल्के की बायोपिक। जबकि दूसरी ओर भारत के सबसे बड़े महाकाव्य 'महाभारत' पर उनकी फिल्म। चर्चा है कि एक्टर इन दोनों ही प्रोजेक्ट्स पर साथ काम कर रहे हैं। अब बड़ा सवाल ये है कि क्या एक बार में एक ही फिल्म करने के लिए मशहूर आमिर खान एकसाथ इन दो बड़े प्रोजेक्ट्स पर कैसे काम कर रहे हैं?



जनवरी से दादासाहेब राजकुमार हिरानी के साथ दादासाहेब फाल्के की बायोपिक कर रहे हैं। फिल्म में आमिर दादासाहेब फाल्के का किरदार निभाएंगे। इस फिल्म की शूटिंग पहले अक्टूबर से ही शुरू होनी थी। लेकिन आमिर को राजू हिरानी और अभिजात जोशी की स्क्रिप्ट पसंद नहीं है। इसके बाद उन्होंने राजकुमार हिरानी से स्क्रिप्ट में कुछ बदलाव करके फिर से आने को कहा। मिली जानकारी के मुताबिक, आमिर जनवरी में इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। फिलहाल फिल्म की स्क्रिप्ट पर फिर से काम किया जा रहा है।

## अनीत पड्डा ने काटा कियारा का पत्ता!





सैयारा की सफलता के बाद अनीत पड्डा लोगों की नजरों में हैं। सब उनके दीवाने हुए जा रहे हैं। इस बीच खबरें आ रही हैं कि अनीत ने कियारा आडवाणी को रिप्लेस कर दिया है। अपनी फिल्म सैयारा की सफलता से एक्साइटेड अनीत पड्डा रातोंरात मशहूर हो गईं और उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर लोगों की भी खुशी बढ़ गई। हाल ही में, ऐसी खबरें आईं कि वह दिनेश विजन की मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की आगामी फिल्म शक्ति शालिनी में लीड रोल प्ले करेंगी। हालांकि, अब मेकर्स ने एक आधिकारिक बयान दिया है। शुक्रवार को, मैडॉक फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर इन अफवाहों को खारिज करते हुए एक बयान शेयर किया, जिसमें लिखा था, हालांकि हम अपने हॉरर-कॉमेडी जगत के उत्साह को सचमुच महत्व देते हैं, हम यह बिल्कुल स्पष्ट करना चाहते हैं कि शक्ति शालिनी और महा मुंज्या सहित आगामी चैप्टर्स की कास्टिंग से जुड़ी कोई भी रिपोर्ट पूरी तरह से अटकलें हैं। हम मीडिया से गलत सूचनाओं से बचने और हमारी आधिकारिक घोषणाओं का इंतजार करने का आग्रह करते हैं। कैप्शन में आगे लिखा था, लगातार समर्थन और समझ के लिए धन्यवाद।

### अनीत पड्डा ने कियारा को किया रिप्लेस!

स्पष्टीकरण के बावजूद, फैंस अनीत पड्डा के पक्ष में खड़े रहे। एक यूजर ने कमेंट किया- वैसे, अनीत एक बेहतरीन ऑप्शन होतीं। एक ने लिखा- अगर आपने अभी तक अनीत को कास्ट नहीं किया है तो प्लीज उन्हें कास्ट कर लीजिए। एक तीसरे ने लिखा- अनीत सबसे अच्छी पसंद हैं क्योंकि वह एक टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं। वहीं, कुछ फैंस ने उनकी जगह कियारा आडवाणी को रोल में देखने की इच्छा जताई।

'द फैमिली मैन' के 6 साल पूरे

## सीजन 3 पर चल रहा काम, मनोज बाजपेयी ने किया कन्फर्म



**अभिनेता** मनोज बाजपेयी की मशहूर वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' को रिलीज हुए शनिवार को 6 साल पूरे हो गए। इस अवसर पर अभिनेता ने सीरीज से जुड़ी कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कीं। साथ ही मनोज ने तीसरे सीजन को लेकर भी एक महत्वपूर्ण अपडेट फैंस के साथ साझा की। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता मनोज बाजपेयी ने इंस्टाग्राम पर शो के पहले भाग की कई तस्वीरें साझा की हैं। इन्हें शेयर करते हुए मनोज बाजपेयी ने कैप्शन में लिखा- द फैमिली मैन सीजन 1 को रिलीज हुए 6 साल हो गए हैं और यह एक कल्ट क्लासिक बन गया है। सीजन 3 का क्या? बस समझ लो ऑपरेशन जारी है। इस सीरीज का पहला पार्ट 2018 में रिलीज हुआ था। यह एक स्पाई एक्शन-थ्रिलर स्ट्रीमिंग वेब सीरीज है। इसके निर्माता राज और डीके हैं। सीरीज में मनोज बाजपेयी ने श्रीकांत तिवारी का रोल प्ले किया है, जो एक मध्यमवर्गीय व्यक्ति हैं और राष्ट्रीय जांच एजेंसी में काम करते हैं। वह इसमें थ्रेट एनालिसिस एंड सर्विलांस सेल (टीएएससी) के एक खुफिया एजेंट के रूप में लोगों को बहुत पसंद आए। पहले सीजन में प्रियामणि, शरद केलकर, नीरज माधव, शारिब हाशमी, दलीप ताहिल, सनी हिंदुजा और श्रेया धनवंतरी जैसे सितारे दिखाई दिए। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु को इस सीरीज के दूसरे सीजन में खलनायक की भूमिका में काफी पसंद किया गया। दूसरे सीजन में श्रीकांत तिवारी टीएएससी छोड़कर परिवार के साथ रहने लगते हैं, लेकिन जैसे ही देश पर खतरा मंडराने लगता है, तो वह नौकरी छोड़ फिर से फोर्स में चले जाते हैं। अब इसके तीसरे सीजन का इंतजार दर्शकों को है। बताया जा रहा है कि इसे इस साल अक्टूबर के अंत तक रिलीज किया जा सकता है। तीसरे सीजन में जयदीप अहलावत खलनायक की भूमिका में दिखाई देंगे। मनोज बाजपेयी को पिछली बार फिल्म इंस्पेक्टर जेंडे में देखा गया था। इसमें वे लीड रोल में थे। फिल्म में जिम सर्भ, सचिन खेडेकर, गिरिजा ओक और भालचंद्र कदम जैसे कलाकार भी अहम किरदार में दिखाई दिए। इसी के साथ ही उनकी फिल्म जुगनुमा हाल ही में रिलीज हुई है। इस फिल्म को राम रेड्डी ने डायरेक्ट किया है।

प्रभास की फौजी में

## अभिषेक बच्चन की एंट्री!

**तेलुगू** सिनेमा के पैन इंडिया सुपरस्टार प्रभास की फिल्म फौजी को एक नई जानकारी आई है। चर्चा है कि डायरेक्टर हनु राघवपुडी की यह एक्शन-ड्रामा फिल्म अब और भी रोमांचक होने वाली है, क्योंकि इसमें अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। प्रभास इन दिनों फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। खबर है कि जल्द ही अभिषेक भी उनके साथ शामिल होंगे।

हालांकि, फिल्म से अभिषेक के जुड़ने को लेकर अभी तक कोई अधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अभिषेक बच्चन और प्रभास फौजी में स्क्रीन शेयर करते नजर आने वाले हैं। हनु राघवपुडी ने अभिषेक बच्चन से एक अहम भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया है। इस पर अभी बातचीत चल रही है और सब कुछ ठीक रहा, तो अभिषेक जल्द ही प्रभास को शूट के लिए जॉइन करेंगे। यह तेलुगू सिनेमा में अभिषेक बच्चन का डेब्यू होगा।

फौजी को लेकर बीते दिनों तब चर्चा और फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई थी, जब अगस्त में शूटिंग लोकेशन एक तस्वीर लीक हुई थी। हालांकि, इसके बाद फिल्म के निर्माता माइथ्री मूवी मेकर्स ने चेतावनी भी जारी की।

प्रोडक्शन हाउस ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, हमने देखा है कि आप में से बहुत से लोग सेट से तस्वीरें शेयर कर रहे हैं। हम आपको बेहतरीन अनुभव देने की कोशिश कर रहे हैं, पर इस तरह के लीक टीम का मनोबल गिराते हैं। ऐसी तस्वीरें शेयर करने वाले किसी भी अकाउंट को न सिर्फ रिपोर्ट कर उसे बंद करवाया जाएगा, बल्कि उसे साइबर अपराध मानकर उचित कार्रवाई भी की जाएगी।



### फौजी का 400 करोड़ का बजट और प्लॉट

फौजी, प्रभास के सबसे दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में से है। चर्चा है कि यह फिल्म द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान की एक रोमांटिक ड्रामा है। यह एक सैनिक की यात्रा है, जो महाकाव्य की तरह भव्यता लिए हुए होगी और कहानी में भावनाओं का भी पुट होगा। इस ऐतिहासिक एक्शन फिल्म में प्रभास एक सैनिक की भूमिका में नजर आएंगे। विशाल चंद्रशेखर इसके लिए संगीत दे रहे हैं। फिल्म का बजट भी 400 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

## लुक को लेकर हुई ट्रोलिंग पर अनन्या का ट्रोलर्स को दिया जवाब



**हाल** ही में मालदीव से छुट्टियां मनाकर लौटीं अनन्या पांडे आर्यन खान की डेब्यू सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के प्रीमियर पर पहुंचीं। इस दौरान अनन्या की टैन बॉडी नजर आई। सफेद रंग के आउटफिट में अनन्या का फेस तो ग्लो कर रहा था, लेकिन उनकी बॉडी टैन नजर आ रही थी। इसी को लेकर सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। कई यूजर्स ने अनन्या के बॉडी टैन की आलोचना की और इसे नकली तक कह डाला। अब अनन्या ने बड़े ही सलीके से इन ट्रोलिंग पर जवाब दिया है। 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के प्रीमियर पर जब अनन्या सफेद रंग के स्टाइलिश आउटफिट में पैपराजी के सामने पोज देने पहुंचीं, तो कई लोगों ने उन्हें ट्रोल किया। उनकी टैन बॉडी को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर्स ने तरह-तरह के कमेंट किए। कुछ ने इसे नकली टैन बताया, तो कुछ ने कहा कि जुहू बीच पर घूमने के एक दिन बाद यह हाल होता है। अब अनन्या ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए इन ट्रोलिंग पर जवाब दिया है। अनन्या ने इसी इवेंट की एक क्लिप अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की। इसके साथ ही अनन्या ने कैप्शन में लिखा, 'मैं टैन की प्रशंसक हूं।

अनन्या ने इसके अलावा भी उस इवेंट के कुछ एक वीडियोज अपनी स्टोरी पर शेयर किए हैं। अनन्या के इस जवाब की कई प्रशंसक सराहना भी कर रहे हैं।

साभार एजेंसी

# मिथुन मनहास को मिल सकती है BCCI अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**मुंबई, एजेंसी।** 45 वर्षीय मिथुन मनहास का क्रिकेट करियर लंबा और सफल रहा है। उन्होंने 1997/98 सीजन में दिल्ली से अपने करियर की शुरुआत की। हालांकि, भारतीय टीम में उन्हें जगह नहीं मिल सकी। बीसीसीआई के नए अध्यक्ष के नाम पर से जल्द पर्दा उठ सकता है। दिल्ली से खेलने वाले जम्मू-कश्मीर के पूर्व बल्लेबाज मिथुन मनहास बीसीसीआई के नए अध्यक्ष बन सकते हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में हुई बीसीसीआई की बैठक में मनहास सबसे मजबूत उम्मीदवार के रूप में उभरे हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 21 सितंबर तय है, जबकि चुनाव 28 सितंबर को होंगे।

घरेलू क्रिकेट के स्टार रहे मनहास

45 वर्षीय मिथुन मनहास का क्रिकेट करियर लंबा और सफल रहा है। उन्होंने 1997/98 सीजन में दिल्ली से अपने करियर की शुरुआत की। हालांकि, भारतीय टीम में उन्हें जगह नहीं मिल सकी क्योंकि उस दौर में सचिन तेंदुलकर, वीवीएस लक्ष्मण और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गज बल्लेबाज टीम का हिस्सा थे।

इसके बावजूद, मनहास घरेलू क्रिकेट में बड़े खिलाड़ी के रूप में स्थापित हुए। उन्होंने दिल्ली रणजी टीम की कप्तानी भी की और शुरुआती दिनों में विराट कोहली ने उनके नेतृत्व में खेला। 2007-08 रणजी सीजन में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 921 रन बनाए और उनका औसत 57.56 का रहा। उसी सीजन में दिल्ली ने खिताब जीता था।

2015 में मनहास अपने गृहनगर जम्मू-कश्मीर लौट आए। उनके फर्स्ट क्लास करियर में 157 मैच, 9714 रन, और 27 शतक शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने 130 लिस्ट ए मैचों में 4126 रन और 91 टी20 मैचों में 1170 रन बनाए।

मिथुन मनहास को 2008 में पहले आईपीएल सीजन में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) ने खरीदा था। वे 2010 तक टीम का हिस्सा रहे। इसके बाद उन्होंने पुणे वॉरियर्स इंडिया और 2014 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए भी खेला। आईपीएल में मनहास ने कुल 55 मैच खेले और 514 रन बनाए। उनका औसत 22.34 का रहा। मनहास का स्ट्राइक रेट 109.36 का रहा।

# अगर मैं एंडी पाइक्रॉफ्ट होता, तो आप मुझसे माफी मांगते : अश्विन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इन दिनों गलत कारणों से चर्चा में है। मौजूदा टी20 एशिया कप 2025 में पीसीबी ने भारत द्वारा हाथ मिलाने की अनदेखी पर नाराजगी जताई और मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट पर अपना गुस्सा निकाला। यूएई मैच से पहले पाइक्रॉफ्ट की पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा से मुलाकात की रिकॉर्डिंग को लेकर जहां पीसीबी मुश्किल में है, वहीं पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बेवजह के ड्रामे के लिए बोर्ड की आलोचना की। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, एंडी पाइक्रॉफ्ट ने वाकई सबको ऐसा घटिया तमाशा देखने से बचा लिया। उन्होंने आगे कहा, भारत ने मैच रेफरी को पहले ही बता दिया था, यह हमारा फैसला है और हम इसका पालन करेंगे। बस। इतने सारे ड्रामे के बाद आप मैच हार गए। तो आप किस बात की शिकायत कर रहे हैं? आप इसलिए नहीं हारे क्योंकि हमने हाथ नहीं मिलाया। कृपया जाकर पता लगाएं कि आप असल में क्या सुधार कर सकते हैं।

अगर भारत के साथ हाथ न मिलाना आपकी समस्या थी, तो आप यूएई के मैच में उस समस्या का हल क्यों ढूंढ रहे थे? आपको एंडी पाइक्रॉफ्ट को बलि का बकरा क्यों बनाना पड़ा? उसने कुछ भी गलत नहीं किया। अश्विन ने आगे कहा, वह कोई स्कूल टीचर नहीं है। वह कोई प्रिंसिपल नहीं है। वह जाकर सूर्या को नहीं ला सकता और कह सकता है, आओ हाथ मिलाओ। यह उसका काम नहीं है। आखिर पाइक्रॉफ्ट की क्या गलती है।

# स्मृति मंधाना ने तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड




## वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाली भारतीय बनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने शनिवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली में खेले जा रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में 50 गेंदों में शतक पूरा कर बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने शनिवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली में खेले जा रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में 50 गेंदों में शतक पूरा कर बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह वनडे क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाली भारतीय बन गईं। इस मामले में उन्होंने पूर्व कप्तान विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। दरअसल, कोहली ने 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 52 गेंदों में शतक लगाया था और एक दशक से ज्यादा समय तक यह रिकॉर्ड उनके ही नाम था।

**मंधाना ने करेन रोल्टन को पीछे छोड़ा**

महज 50 गेंदों में शतक जड़कर मंधाना महिला वनडे क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज करेन रोल्टन के 2000-01 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाए गए 57 गेंद में बनाए गए रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग 2012-13 सत्र में न्यूजीलैंड के खिलाफ 45 गेंद में शतक बनाया जिससे वह सबसे तेज शतक बनाने वाली खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर हैं।

## विश्व कप 2025 के लिए

# बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम का किया समर्थन

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के समर्थन में देश को एकजुट करने के लिए आवाज उठाई है और प्रशंसकों से महिला क्रिकेट के लिए भी वैसा ही जुनून और समर्थन दिखाने का आग्रह किया है जैसा वे पुरुष क्रिकेट के लिए दिखाते हैं।

इस साल महिलाओं के प्रमुख टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारणकर्ता, जियोहॉटस्टार द्वारा जारी एक वीडियो में अक्षय कुमार ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। महिला क्रिकेट टीम का समर्थन करने के महत्व पर बात करते हुए अक्षय कुमार ने 2017 विश्व कप फाइनल देखने के अपने अनुभव को याद किया और अपनी भावनाएं




साझा कीं। उन्होंने कहा, ÷मुझे 2017 विश्व कप फाइनल आज भी याद है। मैं स्कॉटलैंड से ट्रेन पकड़कर फाइनल देखने स्टेडियम गया था। मैंने हमारी महिला क्रिकेट टीम का जुनून देखा।

मैं क्यों गया था? क्योंकि तभी मुझे समझ आया कि क्रिकेट में कोई लिंग भेद नहीं होता। बस एक जर्सी, एक जुनून और एक टीम होती है। टीम इंडिया।

उन्होंने कहा, हम आमतौर पर पुरुष टीम का उत्साहवर्धन करते हैं। लेकिन असली समर्थन तब मिलेगा जब हम अपनी महिला टीम का भी उतना ही उत्साहवर्धन करेंगे, जितना हम पुरुष टीम का करते हैं। असली प्रशंसक वह है जो हर खिलाड़ी के साथ खड़ा हो, चाहे वह पुरुष हो या महिला। यही असली नीले रंग की निशानी है।

जर्सी वही, जज्बा वही। वीडियो में, अक्षय भारतीय उप-कप्तान स्मृति मंधाना की 18 नंबर की जर्सी पकड़े हुए भी दिखाई दे रहे हैं, जिससे यह बात पुख्ता होती है कि विराट कोहली हों या स्मृति मंधाना, जर्सी एक ही रहती है। भारत, श्रीलंका के साथ मिलकर आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी कर रहा है, जिसका पहला मैच 30 सितंबर को गुवाहाटी में शुरू होगा। भारत अपने घरेलू मैदान पर अपना पहला आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप खिताब जीतने की उम्मीद कर रहा है।

# बांग्लादेश खिलाफ अफगानिस्तान टीम की घोषणा

● सीमित ओवर की सीरीज के लिए टीम में हुए 3 बड़े बदलाव




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश खिलाफ 2 अक्टूबर से यूएई में शुरू होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज के लिए टीम की घोषणा की।

टी20 एशिया कप 2025 के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद अफगान चयनकर्ताओं ने तीन बड़े बदलाव किए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी , ऑलराउंडर गुलबदीन नैब और करीम जनत को टीम में जगह नहीं मिली। फारूकी की जगह लंबे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बशीर अहमद को टीम में शामिल किया गया। वह अफगानिस्तान के लिए पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अंडर-19 स्तर पर अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है और पांच लिस्ट ए और 14 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने 38.16 की औसत से 12 टी20 विकेट लिए हैं।

इस सूची में एक और अनकैप्ड खिलाड़ी 18 वर्षीय शीर्ष क्रम बल्लेबाज वफीउल्लाह तरखिल हैं। अफगानिस्तान की बल्लेबाजी टीम को जूझना पड़ा है और 2026 के टी20 विश्व कप से पहले वे अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना चाहेंगे। तरखिल ने 33 टी20 मैच खेले हैं और 28.35 की औसत और 145.95 के स्ट्राइक रेट से 794 रन बनाए हैं।

उनके नाम पांच टी20 शतक हैं। अल्लाह गजनफर और रहमत शाह को टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। वे वनडे टीम का हिस्सा बने रहेंगे।

**● अफगानिस्तान टी20 टीम:**

राशिद खान (कप्तान), इब्राहिम जादरान (उप-कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, वफीउल्लाह तारखिल, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, शराफुद्दीन अशरफ, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, बशीर अहमद, फरीद अहमद मलिक, अब्दुल्ला अहमदजई।

**रिजर्व:** एएम गजनफर और रहमत शाह।

**● अफगानिस्तान वनडे टीम:**

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमत शाह (उप-कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांगेयालिया खारोटे, एएम गजनफर, अब्दुल्ला अहमदजई, बशीर अहमद, मोहम्मद सलीम सफी।

**रिजर्व:** बिलाल सामी और फरीदून दाऊदजई।

## मेसी का धमाकेदार प्रदर्शन

# इंटर मियामी ने यूनाइटेड को 3-2 से हराया



**मियामी , एजेंसी।** मियामी की जीत और दो गोलों के बाद मेसी के इस सीजन में कुल 22 गोल हो गए हैं, जिससे वे नैशविल एससी के सैम सर्रिज से एक गोल आगे निकल गए हैं और गोल्डन बूट रेस में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। मेजर लीग सॉकर में शनिवार रात खेले गए मुकाबले में लियोनेल मेसी ने शानदार खेल दिखाते हुए अपनी टीम इंटर मियामी को डी.सी. यूनाइटेड के खिलाफ 3-2 से जीत दिलाई। अर्जेंटीनी स्टार ने इस मैच में एक असिस्ट और दो गोल किए।

पहले हाफ में असिस्ट, दूसरे हाफ में दो गोल

पहले हाफ में मेसी ने 35वें मिनट में तादेओ एलेन्डे के गोल में असिस्ट किया और इंटर मियामी को 1-0 की बढ़त दिलाई। यह मेसी का इस सीजन का 12वां असिस्ट था, जो लीग में चौथे सबसे ज्यादा असिस्ट के बराबर है। दूसरे हाफ में डी.सी. यूनाइटेड ने क्रिश्चियन बेंटेके के गोल से स्कोर 1-1 कर दिया, लेकिन मेसी ने 66वें मिनट में शानदार गोल दागकर इंटर मियामी को फिर से बढ़त दिला दी। इसके बाद 85वें मिनट में मेसी ने एक और गोल कर टीम की जीत लगभग पक्की कर दी। डी.सी. यूनाइटेड ने इंजरी टाइम में एक गोल जरूर किया, लेकिन स्कोर 3-2 पर ही रहा।

मेसी गोल्डन बूट रेस में सबसे आगे

मियामी की जीत और दो गोलों के बाद मेसी के इस सीजन में कुल 22 गोल हो गए हैं, जिससे वे नैशविल एससी के सैम सर्रिज से एक गोल आगे निकल गए हैं और गोल्डन बूट रेस में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं।

# श्रीलंका के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए नूर और मुजीब को मिले डिमेरिट अंक



**दुबई, एजेंसी।** अफगानिस्तान के स्पिनर नूर अहमद और मुजीब उर रहमान को आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 का उल्लंघन करने पर एक-एक डिमेरिट पॉइंट दिया गया। यह घटना गुरुवार को अबु धाबी में एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान हुई। नूर अहमद को आर्टिकल 2.8 का उल्लंघन करते पाया गया, जिसका मतलब है अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाना। जबकि मुजीब पर आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन करने का आरोप लगा, जो क्रिकेट उपकरण, कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिटिंग्स का दुरुपयोग करने से संबंधित है। मुजीब ने मैच के दौरान अपने तौलिये से स्टंप तोड़ दिए थे। नूर ने श्रीलंका की पारी के 16वें ओवर में असहमति जताई थी, जब अंपायर ने उनकी एक गेंद को वाइड करार दिया था। मैदान पर मौजूद अंपायर आसिफ याकूब और वीरेंद्र शर्मा, तीसरे अंपायर फैसल अफरीदी और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने आरोप लगाए। दोनों खिलाड़ियों ने अपने अपराध स्वीकार कर लिए और मैच रेफरी रिची रिचडर्सन द्वारा प्रस्तावित सजा को मान लिया। इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। गौर है कि अफगानिस्तान का एशिया कप अभियान श्रीलंका से छह विकेट से हारने के बाद समाप्त हो गया। उस मैच में नूर और मुजीब ने एक-एक विकेट लिया था।

# पीकेएल-12: अंतिम रेड पर नीरज को लपक पटना पाइरेट्स ने दबंग दिल्ली केसी का विजय रथ रोका

**जयपुर, एजेंसी।** दबंग दिल्ली केसी का लगातार छह मैचों से चला आ रहा विजय रथ आखिरकार रुक गया है। सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में शनिवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के 43वें मुकाबले में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने अंतिम रेड में नीरज नरवाल को लपक 33-30 के अंतर से मैच जीत लिया। दिल्ली को पहली हार मिली जबकि पटना को सात मैचों में दूसरी जीत मिली।

एक समय 12 अंक से पीछे चल रही पटना की जीत में अंकित (12) का अहम योगदान रहा। उन्होंने मैच में पटना की वापसी कराई और फिर स्कोर बराबर भी किया। दिल्ली के लिए आशू मलिक ने 6 अंक लिए जबकि नीरज नरवाल ने 8 अंक जुटाए। पटना के लिए कप्तान अंकित ने डिफेंस में 6 अंक जुटाए। दिल्ली ने अच्छी शुरुआत करते हुए तीन मिनट में ही 4-1 की लीड बना ली थी लेकिन सुधाकर ने फजल का शिकार कर फासला दो का कर दिया।

फिर अजिंक्य को लपक अंकित ने स्कोर 3-4 कर दिया। सौरव ने मिलन को लपका तो अयान ने डिफेंस में हाथ साफ करते हुए नीरज का शिकार कर स्कोर 4-6 कर दिया। इस बीच दिल्ली ने अयान को लपका और फिर अजिंक्य ने डू ओर डाई रेड पर अंक लेकर 10 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 8-4 कर दिया। ब्रेक के बाद सुधाकर ने एक अंक लिया तो नीरज ने दिल्ली को दो अंक दिला दिए। संदीप और सुरजीत ने हालांकि अगली रेड पर सुधाकर को लपक लिया लेकिन अंकित ने अजिंक्य का शिकार कर स्कोर 6-11 किया। फिर सुरजी ने अकेले दम पर मिलन को लपक लीड फिर दोगुना कर दी। इस



बीच आशू ने दो अंक लेकर पटना को दो खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया।

अगली रेड पर नीरज ने हालांकि उन्हें रिवाइव करा लिया। फिर नीरज ने ही पटना को आलआउट की ओर धकेला और फिर सुरजीत ने हाफटाइम से ठीक पहले आलआउट लेते हुए दिल्ली को 19-10 की लीड दिला दी। ब्रेक के बाद दिल्ली ने लगातार दो अंक लेकर पकड़ मजबूत की। इस बीच सौरव ने अयान को लपक स्कोर 22-11 कर दिया। इस बीच अंकित ने डू ओर डाई रेड पर सौरव का शिकार कर लिया लेकिन अजिंक्य ने मिलन को आउट कर हिसाब बराबर किया। दिल्ली का डिफेंस अयान को नहीं चलने दे रहा था लेकिन डिफेंस ने हाथ खोल दिए थे। नवदीप ने अजिंक्य को लपक लिया। पिछली रेड पर नीरज को आउट करने वाले अंकित ने अगली दो रेड पर सुरजीत और फजल को आउट कर स्कोर 16-25 कर दिया। फिर डिफेंस ने नीरज को लपक दिल्ली को सुपर टैकल की स्थिति में ला दिया। अंकित ने इसके बाद डू ओर डाई रेड पर संदीप का शिकार कर दिल्ली को आलआउट की ओर धकेला।

अंकित ने अगली रेड पर दो शिकार के साथ दिल्ली को आलआउट कर स्कोर 22-26 कर दिया। आलइन के बाद आशू ने नवदीप को बाहर किया। इस बीच अंकित ने बोनस लिया और फिर आशू ने दो अंक की रेड क साथ स्कोर 29-23 कर दिया। फिर अंकित के बोनस के बाद पटना के डिफेंस ने अजिंक्य को लपक फासला 5 का कर दिया। फिर अंकित ने सौरव का शिकार कर सुपर-10 पूरा किया। अगली रेड पर हालांकि वह लपक लिए गए।

# व्यापार से रोका भारत–पाक संघर्ष, सात युद्ध समाप्त कराने के लिए नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए : ट्रंप

» **न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, भाषा।**

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को व्यापार के माध्यम से सुलझाने का एक बार फिर दावा किया और कहा कि उन्हें सात युद्धों को समाप्त कराने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। ट्रंप ने 10 मई को सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि वाशिंगटन की मध्यस्थता में रात को देर तक चली वार्ताओं के बाद भारत-पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। तब से आज तक विभिन्न अवसरों पर ट्रंप अपनी कथित मध्यस्थता के दावे को 40 से अधिक बार दोहरा चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को सुलझाने में मदद की है। भारत ने हमेशा किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से इनकार किया है। ट्रंप ने शनिवार को अमेरिकन कॉर्नरस्टोन इंस्टिट्यूट फाउंडर्स डिनर के वार्षिक कार्यक्रम में कहा, वैश्विक मंच पर हम एक बार फिर ऐसे काम कर रहे हैं, जिससे हमें उस स्तर का सम्मान मिल रहा है, जो पहले कभी नहीं मिला।**



हम शांति समझौते करा रहे हैं और युद्ध रोक रहे हैं। तो हमने भारत-पाकिस्तान और थाईलैंड-कंबोडिया के बीच युद्ध को रोका है। उन्होंने कहा, भारत और पाकिस्तान के बारे में सोचिए, आप जानते हैं कि मैंने इसे कैसे रोका- व्यापार के जरिए। वे व्यापार करना चाहते हैं और मैं दोनों नेताओं का बहुत सम्मान करता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया, जरा देखिए, भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, आर्मेनिया-अजरबैजान, कोसोवो-सर्बिया, इजराइल-ईरान, मिस्र-इथियोपिया, रवांडा-कांगो, हमने इन देशों के बीच के संघर्ष को रोक दिया और इनमें से 60 प्रतिशत को व्यापार के कारण ही रोका जा सका। उन्होंने कहा, मैंने भारत से कहा था कि देखिए आप दोनों के पास परमाणु हथियार हैं। यदि आप युद्ध की शुरुआत करते हैं तो हम आपके साथ कोई व्यापार नहीं करेंगे। मेरे इतना कहने पर वे रुक गए। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में छह-सात मई की दरमियानी रात ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसके तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकी ढांचे को निशाना बनाया गया। इस हमले में 26 नागरिक मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद संघर्ष समाप्त करने के लिए 10 मई को सहमति बनी थी। भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान के साथ शत्रुता समाप्त करने पर सहमति दोनों सेनाओं के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में स्पष्ट किया था कि किसी भी देश के नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्पष्ट रूप से कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ युद्धविराम कराने में किसी तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप नहीं था। ट्रंप ने कहा, जैसा कि उन्हें बताया गया था कि यदि वह रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को रोकने में सफल रहते तो उन्हें नोबेल पुरस्कार मिलेगा। उन्होंने कहा, मैंने कहा, अच्छा, बाकी सातों का क्या? मुझे हर एक के लिए नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए तो उन्होंने कहा, अगर आप रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष रुकवा दें तो आप नोबेल पाने योग्य हो जाएंगे।

## नए आवेदकों के लिए है नया एच-1 बी वीज़ा शुल्क, मौजूदा धारकों पर कोई असर नहीं : ट्रंप प्रशासन




**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, भाषा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एच-1बी वीजा के लिए एक लाख अमेरिकी डॉलर का नया शुल्क नए आवेदकों के लिए है और उन्हें इस शुल्क का एकमुश्त भुगतान करना होगा। यह स्पष्टीकरण अमेरिका में काम कर रहे हज़ारों पेशेवरों के लिए बड़ी राहत की बात है जो इस नए नियम से प्रभावित होने को लेकर चिंतित हैं, इनमें बड़ी संख्या में भारतीय हैं। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का नया एच-1बी वीज़ा शुल्क केवल नए आवेदकों पर लागू होगा। ट्रंप प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि 21 सितंबर की प्रभावी घोषणातिथि से पहले जमा किया गया एच। बी वीजा आवेदन इससे प्रभावित नहीं होगा। इसके अलावा वर्तमान में अमेरिका से बाहर रहने वाले वीज़ा धारकों को भी देश में दोबारा प्रवेश के लिए शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता टेलर रोजर्स ने पीटीआई-भाषा को बताया, राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी कामगारों को प्राथमिकता देने का वादा किया था और यह समझदारी भरा कदम उसी का परिणाम है।उन्होंने कहा, यह उन अमेरिकी व्यवसायों को भी निश्चितता प्रदान करता है जो वास्तव में हमारे महान देश में बेहद कुशल कामगारों को लाना चाहते हैं, लेकिन प्रणाली की गड़बड़ी के कारण उन्हें आगे नहीं आने दिया जा रहा है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि एक लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क एकमुश्त है जो केवल नए आवेदन पर लागू होता है। यह केवल नए वीज़ा पर लागू होता है, नवीनीकरण या मौजूदा वीज़ा धारकों पर नहीं...। यूएससीआईएस निदेशक जोसेफ एडलो ने एक ज्ञापन में कहा कि ट्रंप की ओर से शुक्रवार को जारी की गई घोषणा केवल उन पर लागू होगी जो अब आवेदन करेंगे। यह घोषणा उन लोगों पर लागू नहीं होती है जो उद्घोषणा की प्रभावी तिथि से पहले दायर किए गए आवेदनों के लाभार्थी हैं, वर्तमान में स्वीकृत आवेदनों के लाभार्थी हैं, या जिनके पास वैध रूप से जारी एच-1बी गैर-आप्रवासी वीज़ा हैं।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कुछ मुस्लिम नेताओं के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मिलेंगे



**इस्लामाबाद, भाषा।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सत्र से इतर कुछ मुस्लिम नेताओं के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने रविवार को यह घोषणा की। कार्यालय ने एक बयान में बताया कि शरीफ न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें वार्षिक सत्र में हिस्सा लेने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल के साथ 22 से 26 सितंबर तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। बयान में कहा गया है कि शरीफ के प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री इशाक डार, अन्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इसमें कहा गया है, प्रधानमंत्री क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ चुनिंदा इस्लामी नेताओं की बैठक में भी हिस्सा लेंगे। बयान के मुताबिक, महासभा में अपने संबोधन में शरीफ अंतरराष्ट्रीय समुदाय से लंबे अरसे से लंबित मुद्दों को सुलझाने का आग्रह करेंगे। इसमें कहा गया है कि शरीफ अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान खास तौर पर गाजा पट्टी में गंभीर संकट की ओर आकर्षित करेंगे तथा फलस्तीनियों की पीड़ा समाप्त करने के लिए निर्णायक कार्रवाई का आह्वान करेंगे। बयान के अनुसार, शरीफ क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, इस्लामोफोबिया और सतत विकास सहित अंतरराष्ट्रीय चिंता के अन्य मुद्दों पर पाकिस्तान के दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डालेंगे। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान कई उच्च स्तरीय कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे, जिनमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की महत्वपूर्ण बैठकें, वैश्विक विकास पहल (जीडीआई) की उच्च स्तरीय बैठक और जलवायु कार्रवाई पर एक विशेष उच्च स्तरीय कार्यक्रम आदि शामिल हैं। बयान में बताया गया है कि शरीफ आपसी हितों के मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान के लिए कई विश्व नेताओं और संयुक्त राष्ट्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री संयुक्त राष्ट्र चार्टर को कायम रखने, संघर्ष को रोकने, शांति को बढ़ावा देने और सुरक्षा परिषद के सदस्य के रूप में पाकिस्तान की मौजूदा भूमिका में वैश्विक समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों के साथ काम करने के इस्लामाबाद के संकल्प को भी रेखांकित करेंगे।

मीडिया में आई एक खबर में दी गई जानकारी

# पाकिस्तान को मिलने वाले सस्ते विदेशी ऋण का प्रमुख स्रोत बना हुआ है सऊदी अरब : रिपोर्ट

» **इस्लामाबाद, भाषा।**

**सऊदी अरब केवल चार प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर के साथ पाकिस्तान को मिलने वाले सस्ते विदेशी ऋणों का प्रमुख स्रोत बना हुआ है। रविवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, रियाद ने हाल के वर्षों में इस्लामाबाद को दिए दो अलग-अलग नकद ऋणों पर चार प्रतिशत ब्याज दर वसूली। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, मूल रूप से एक वर्ष के लिए दिए गए इस ऋण को पाकिस्तान द्वारा चुकाया जाना अभी बाकी है। सऊदी, बिना कोई अतिरिक्त ब्याज लगाए इन ऋणों को वार्षिक रूप से आगे बढ़ा रहा है। खबर के मुताबिक, सऊदी अरब द्वारा पाकिस्तान को दिए गए ये ऋण चीन से मिलने वाले ऋण की तुलना में लगभग एक-तिहाई सस्ते हैं।**



साथ ही, विदेशी वाणिज्यिक उधार से आधी लागत पर हैं। खबर में सूत्रों के हवाले से बताया गया, सऊदी अरब द्वारा दी गई दो अरब अमेरिकी डॉलर की नकद जमा सुविधा की अवधि दिसंबर में पूरी होने वाली है और वित्त मंत्रालय इसे फिर से आगे बढ़ाने की योजना बना रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) कार्यक्रम के तहत बाह्य वित्तपोषण की कमी को पूरा करने के लिए प्राप्त 3 अरब अमेरिकी डॉलर के एक और सऊदी ऋण की अवधि अगले वर्ष जून में पूरी हो जाएगी आईएमएफ ने शर्त रखी है कि पाकिस्तान के तीन ऋणदाता, सऊदी अरब, चीन और संयुक्त अरब अमीरात तीन साल के कार्यक्रम के पूरा होने तक अपनी नकद जमा राशि बनाए रखेंगे। खबर के मुताबिक, इन देशों ने पाकिस्तान को कुल 12 अरब अमेरिकी डॉलर का ऋण दिया हुआ है, जो पाकिस्तानी केंद्रीय बैंक के 14.3 अरब अमेरिकी डॉलर के सकल विदेशी मुद्रा भंडार का एक बड़ा हिस्सा है। सूत्रों ने बताया कि सऊदी अरब के ऋण पर चार प्रतिशत ब्याज दर है जबकि पाकिस्तान चार अरब अमेरिकी डॉलर के चार ऋणों पर लगभग 6.1 प्रतिशत ब्याज भुगतान कर रहा है।

# पाकिस्तानः मदरसों और विद्यालयों में बच्चों को दुर्व्यवहार से बचाने के लिए कड़ी कार्रवाई की

» **इस्लामाबाद, भाषा।**

**उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक खुफिया-आधारित अभियान के दौरान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के सात आतंकवादी मारे गए। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी।**



पाकिस्तान की एक संसदीय समिति ने मदरसों और विद्यालयों में बच्चों को दुर्व्यवहार से बचाने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षा के नाम पर किसी भी बच्चे को कष्ट न सहना पड़े। मीडिया में जारी एक खबर में यह जानकारी सामने आई है। डॉन समाचार पत्र द्वारा शुक्रवार को प्रकाशित खबर में बताया गया कि सीनेटर समीना मुमताज जेहरी की अध्यक्षता में मानवाधिकारों पर सीनेट की कार्यात्मक समिति ने बृहस्पतिवार को पंजाब, सिंध और खैबर पख्तूनख्वा के मदरसों में दंड, यातना और यौन शोषण की परेशान करने वाली खबरों की समीक्षा के लिए एक बैठक की। संघीय और प्रांतीय विभागों के अधिकारियों ने समिति को इस मुद्दे के समाधान के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। सीनेटर जेहरी ने जोर देकर कहा कि देश की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बच्चों की सुरक्षा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कदम का उद्देश्य वैध धार्मिक संस्थानों को निशाना बनाना नहीं बल्कि निगरानी और जवाबदेही के माध्यम से दुर्व्यवहार को खत्म करना है। जेहरी ने इन संस्थानों के उचित पंजीकरण, वित्तीय पारदर्शिता और निगरानी के अभाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मदरसों के नियमित निरीक्षण, अनिवार्य अभिभावक-शिक्षक सहभागिता, बाल संरक्षण पर शिक्षक प्रशिक्षण और शारीरिक दंड पर प्रतिबंध सहित कड़े कदम उठाने का आह्वान किया। सीनेटर ने दर्ज मामलों में दोषसिद्धि की बेहद कम दर पर भी प्रकाश डाला और चेतावनी दी कि अभियोजन और रोकथाम के बिना, दुर्व्यवहार का चक्र बेरोकटोक जारी रहेगा। सीनेटर ऐमल वली खान ने कहा कि कई मदरसे राष्ट्रीय शिक्षा ढांचे में एकीकृत होने के बजाय राजस्व बढ़ाने वाली प्रणालियों में बदल गए हैं। उन्होंने पारदर्शिता सुनिश्चित करने और मदरसों को मुख्यधारा के शिक्षा बोर्डों के अंतर्गत लाने के लिए कानून बनाने पर जोर दिया।

न्यूज ब्रीफ

## नेपाल की राष्ट्रीय विमानन कंपनी चीन के ग्वांगझू के लिए शुरू करेगी सीधी उड़ान

» **काठमांडू, भाषा।**

**नेपाल की राष्ट्रीय विमानन कंपनी ने राजधानी काठमांडू से चीन के ग्वांगझू के लिए बृहस्पतिवार से सीधी उड़ानें शुरू करने की रविवार को घोषणा की। नेपाल एयरलाइंस कॉर्पोरेशन (एनएसी) के प्रवक्ता मनोज कुमार शाह ने बताया कि पहली बार काठमांडू से गुआंगझू के बीच उड़ान सेवा शुरू करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अधिकारी ने बताया कि एनएसी इस मार्ग पर सप्ताह में तीन उड़ानें संचालित करेगा।**

पहली उड़ान बृहस्पतिवार और दूसरी 28 सितंबर को निर्धारित है। एनएसी ने बताया कि इसके बाद हर रविवार, मंगलवार और शनिवार को ग्वांगझू के लिए सीधी उड़ानें होंगी। एनएसी ने काठमांडू से ग्वांगझू का एकतरफ़ा किराया 30,000 नेपाली रुपए और वापसी का किराया 50,000 नेपाली रुपए तय किया है। हिमालय एयरलाइंस भी नेपाल से इस मार्ग पर नियमित उड़ानें संचालित कर रही है, जबकि चीनी एयरलाइन कंपनी चाइना सदर्न भी ग्वांगझू-काठमांडू मार्ग पर नियमित उड़ानों का संचालन कर रही है।

## पाक पंजाब प्रांत में शिक्षण संस्थान की छत गिरी, छह बच्चों समेत आठ लोग जिंदा दफन

» **लाहौर, भाषा।**

**पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक शिक्षण संस्थान की छत गिर जाने के कारण छह बच्चों समेत आठ लोग जिंदा दफन हो गए तथा तीन अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार शाम लाहौर के उत्तर-पश्चिम से लगभग 120 किलोमीटर दूर हाफिजाबाद शहर में हुई।**

पंजाब आपातकालीन विभाग के बचाव दल 1122 के अनुसार, जब संस्थान की छत गिरी, उस वक्त कक्षा में दो शिक्षक और नौ छात्र मौजूद थे।

# गाजा में इजराइल के हमले में 34 लोग मारे गए : स्वास्थ्य अधिकारी

» **काहिरा, भाषा।**

**गाजा सिटी पर रात भर हुए हमलों में बच्चों सहित कम से कम 34 लोग मारे गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इजराइल द्वारा यह हमला कई देशों की ओर से फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने की तैयारी के बीच किया गया है। शिफा अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में शनिवार देर रात शहर के दक्षिणी हिस्से में एक रिहायशी इलाके में हुई गोलीबारी में मारे गए 14 लोग भी शामिल हैं। अधिकतर शव शिफा अस्पताल ही लाए गए थे। स्वास्थ्य प्राधिकारियों ने बताया कि मृतकों में अस्पताल में कार्यरत एक पुरुष नर्स, उसकी पत्नी और तीन बच्चे भी शामिल हैं। इजराइल ने हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की।**



इस सप्ताह शुरू हुए इजराइली अभियान ने पश्चिम एशिया में उथल-पुथल मचाने वाले संघर्ष को और बढ़ा दिया है और संभवतः किसी भी युद्धविराम की संभावना को और क्षीण कर दिया है। इजराइली सेना ने फलस्तीनियों से वहां से चले जाने का आग्रह किया है। इजराइली दूतावास ने इस अभियान की कोई समय-सीमा नहीं बताई है, लेकिन संकेत हैं कि इसमें महीनों लग सकते हैं। इजराइल का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य हमास पर बंधकों को रिहा करने और आत्मसमर्पण करने के लिए दबाव डालना है। शनिवार रात को ये हमला ऐसे समय में हुआ है जब कुछ प्रमुख पश्चिमी देश सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व नेताओं की सभा में फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने की तैयारी में हैं। इनमें ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, माल्टा, बेल्जियम और लक्जमबर्ग शामिल हैं। पुर्तगाल के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह रविवार को फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा से पहले, इजराइल में शांति कार्यकर्ताओं ने फलस्तीनी राष्ट्र की प्रस्तावित मान्यता का स्वागत किया है। रविवार को, 60 से अधिक यहूदी और अरब शांति एवं सुलह संगठनों के एक समूह इट्स टाइम कोएलिशन ने युद्ध की समाप्ति, बंधकों की रिहाई और फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने का आह्वान किया। शनिवार रात को इजराइल में हजारों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा युद्ध समाप्त करने तथा बंधक समझौते की मांग की। फिर भी युद्धविराम अब तक संभव नहीं हो पाया है। पिछले 23 महीनों में इजराइली बमबारी में गाजा में 65,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, गाजा पट्टी का एक बड़ा हिस्सा तबाह हो गया है, लगभग 90 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है और एक भयावह मानवीय संकट पैदा हो गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि गाजा शहर अकाल की स्थिति से गुजर रहा है। इजराइल की सेना ने रविवार को एक बयान में बिना कोई सबूत दिए कहा कि उसने माजिद अबू सेल्मिया को मार गिराया है, जो हमास की सैन्य शाखा का एक स्नाइपर था और गाजा सिटी क्षेत्र में और हमले करने की तैयारी कर रहा था। माजिद, शिफा अस्पताल के निदेशक डॉ. मोहम्मद अबू सेल्मिया का भाई था। उन्होंने इन आरोपों को झूठा बताया और कहा कि इजराइल नागरिकों की हत्या को जायज ठहराने की कोशिश कर रहा है। डॉ. सेल्मिया ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि उनका 57 वर्षीय भाई उच्च रक्तचाप, मधुमेह और दृष्टि संबंधी समस्याओं से पीड़ित था। हमले जारी रहने के बीच, इजराइल ने गाजा सिटी में शरण लिए हुए हजारों फलस्तीनियों को दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया है।

## बांग्लादेश में भूकंप का हल्का झटका आया

» **ढाका, भाषा।**

**ढाका और बांग्लादेश के कई अन्य हिस्सों में रविवार दोपहर को भूकंप का हल्का झटका आया, जिसका केंद्र छातक, सिलहट में था। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र ने बांग्लादेश मौसम विज्ञान विभाग (बीएमडी) के हवाले से बताया कि दोपहर 12:19 बजे 4.0 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया, जिसका केंद्र ढाका से लगभग 185 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में था।**

बीएमडी के भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के कार्यवाहक अधिकारी रुबैयत कबीर ने प्रथम आलो समाचार पत्र को बताया कि चार तीव्रता का यह भूकंप एक हल्का भूकंप था, जिसका केंद्र छातक, सिलहट में था। बांग्लादेश में भूकंप के दो स्रोत हैं, एक उत्तर में और दूसरा पूर्व में। ढाका विश्वविद्यालय में भूविज्ञान के पूर्व प्रोफेसर अख्तर ने कहा, उत्तरी स्रोत डौकी फॉल्ट है, जो बांग्लादेश के लिए बेहद संवेदनशील क्षेत्र है। इसलिए, भले ही आज का भूकंप मामूली था, यह एक चेतावनी संकेत है। उल्लेखनीय है कि 14 सितंबर को बांग्लादेश के अधिकांश हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

## यूरोपीय देशों में कई हवाई अड्डों पर दूसरे दिन भी दिखाई दिया साइबर हमले का असर

**ब्रसेल्स, भाषा।** कई यूरोपीय हवाई अड्डों पर चेक-इन प्रणालियों को प्रभावित करने वाले साइबर हमले का असर रविवार को दूसरे पूरे दिन भी जारी रहा। कई यात्री उड़ान रद्द या विलंबित करनी पड़ीं और हवाई अड्डों को यात्रा योजनाओं को होने वाले नुकसान को सीमित करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। शुक्रवार देर रात से ब्रसेल्स, लंदन और बर्लिन के प्रमुख हवाई अड्डों पर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम में व्यवधान शुरू हो गया था, जिससे चेक-इन में बाधा आई और कर्मचारियों को हाथ से बोर्डिंग पास बनाने या बैकअप लैपटॉप का इस्तेमाल करने जैसे विकल्प आजमाने पड़े। कई अन्य यूरोपीय हवाई अड्डे इससे कोई प्रभाव नहीं पड़ा। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि साइबर हमले में किसका हाथ है, हालांकि विशेषज्ञों ने हैकर्स और आपराधिक संगठनों पर संदेह जताया है। साइबर हमले ने कॉलिन्स एयरोस्पेस के सॉफ्टवेयर को प्रभावित किया, जिससे चेक-इन, बोर्डिंग पास और बैग टैग प्रिंटिंग और सामान भेजने में मदद मिलती है। अमेरिकी कंपनी ने शनिवार को यूरोप के कुछ हवाई अड्डों पर उसके सॉफ्टवेयर में साइबर संबंधी व्यवधान की बात कही। रविवार को लंदन के हीथ्रो और बर्लिन के ब्रांडेनबर्ग हवाई अड्डों के प्रस्थान बोर्ड पर आगमन और प्रस्थान के सुचारू होने के संकेत दिखाई दे रहे थे, लेकिन ब्रुसेल्स हवाई अड्डे पर अब भी काफी समस्याएं थीं।

ब्रिटेन ने फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता दी

ब्रिटेन ने ही इजराइली राष्ट्र की स्थापना के लिए 1917 में जमीन तैयार की थी

# अमेरिका और इजराइल की ओर से हुए विरोध को किया दरकिनार

» **लंदन, भाषा।**

**ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने अमेरिका और इजराइल के कड़े विरोध के बावजूद रविवार को ब्रिटेन की ओर से फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने की पुष्टि की। उन्होंने इस संबंध में कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के बाद यह घोषणा की। स्टॉर्मर ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य फलस्तीनियों और इजराइलियों के बीच शांति की उम्मीदों को जिंदा रखना है। हालांकि, यह कदम मोटे तौर पर सांकेतिक है, लेकिन इसका ऐतिहासिक महत्व भी है क्योंकि ब्रिटेन ने ही इजराइली राष्ट्र की स्थापना के लिए 1917 में जमीन तैयार की थी। उस समय के फलस्तीन पर ब्रिटेन का नियंत्रण था।**



जुलाई में स्टॉर्मर ने कहा था कि अगर इजराइल गाजा में संघर्ष विराम के लिए सहमत नहीं होता है, तो ब्रिटेन फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देगा। ब्रिटेन अकेला फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता नहीं दे रहा। 140 से अधिक देश पहले ही इस दिशा में कदम उठा चुके हैं और इस सप्ताह के अंत में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान फ्रांस समेत कई और देश ऐसा कर सकते हैं। ब्रिटेन ने अमेरिका के विरोध को दरकिनार करते हुए यह कदम उठाया है। कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिटेन की यात्रा के दौरान इस योजना से असहमति जताई थी। ट्रंप ने कहा था, इस मामले पर मैं प्रधानमंत्री (स्टॉर्मर) से असहमत हूं। अमेरिका और इजराइल सरकार के साथ-साथ विभिन्न आलोचकों ने इस योजना की निंदा करते हुए कहा है कि यह हमास और आतंकवाद को बढ़ावा देगी। स्टॉर्मर ने इस बात पर जोर दिया है कि फलस्तीनी लोगों के शासन के भविष्य में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी और उसे 7 अक्टूबर, 2023 के हमलों में अब तक बंधक बनाए गए इजराइली बंधकों को रिहा करना होगा। पिछले 100 वर्षों में पश्चिम एशिया की राजनीति में फ्रांस और ब्रिटेन की ऐतिहासिक भूमिका रही है। प्रथम विश्व युद्ध में ओटोमन साम्राज्य की हार के बाद दोनों देशों ने इस क्षेत्र का विभाजन किया था।

## कनाडा ने फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता दी



**टोरंटो, भाषा।** कनाडा ने अमेरिका के विरोध के बावजूद रविवार को फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दे दी। कनाडा ने इस उम्मीद के साथ फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता दी है कि यह कदम दो राष्ट्रों के समाधान के आधार पर शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगा, जहां दोनों देश साथ-साथ शांतिपूर्वक रह सकें। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सोशल मंच एक्स पर घोषणा की कि कनाडा ने फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता दे दी है। उन्होंने जुलाई के अंत में ही कहा था कि वह ऐसा करेंगे, क्योंकि कई पश्चिमी देश गाजा में बढ़ते युद्ध से तंग आ चुके हैं। यह कदम इस सप्ताह होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा से पहले उठाया गया है, जहां ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस समेत अन्य देशों द्वारा भी फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता दिए जाने की उम्मीद है। इस कदम को लेकर इजराइल और अमेरिका में नाराजगी है, क्योंकि उनका कहना है कि इससे हमास और चरमपंथियों को बढ़ावा मिल सकता है।

# बगराम वायुसेना अड्डे पर दोबारा नियंत्रण हासिल करने के ट्रंप के दावे को तालिबान ने किया खारिज

» **जलालाबाद (अफगानिस्तान), भाषा।**

**तालिबान सरकार ने बगराम वायुसेना अड्डे पर दोबारा नियंत्रण हासिल करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को रविवार को खारिज कर दिया। चार साल पहले आनन-फानन में अमेरिका के अफगानिस्तान से निकलने के बाद सैन्य अड्डे पर तालिबान ने कब्जा कर लिया था। यद्यपि यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि सैन्य अड्डा अमेरिका को सौंपने को लेकर अमेरिकी अधिकारियों की अफगानिस्तान के अधिकारियों से क्या बातचीत हुई है, लेकिन ट्रंप ने संकेत दिया है कि 2021 में सत्ता में लौटने के बाद से आर्थिक संकट, अंतरराष्ट्रीय वैधता, आंतरिक कलह और प्रतिद्वंद्वी समूहों की ओर से चुनौती का सामना कर रहा तालिबान सैन्य अड्डे का नियंत्रण अमेरिका को लौटा सकता है। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहउल्ला मुजाहिद ने ट्रंप के बयानों को खारिज कर दिया और अमेरिका को वास्तविकता और तर्कसंगत नीति अपनाने की सलाह दी।**



मुजाहिद ने एक्स पर लिखा कि अफगानिस्तान की विदेश नीति आर्थिक हितों पर केंद्रित है। उन्होंने सभी देशों से साझा हितों के आधार पर संबंध कायम करने का आग्रह किया। तालिबान के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका को सभी द्विपक्षीय वार्ताओं के दौरान कई बार यह बताया जा चुका है कि अफगानिस्तान की स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता सर्वोपरि है। उन्होंने कहा, यह याद रखा जाना चाहिए कि दोहा समझौते के अंतर्गत अमेरिका ने यह संकल्प लिया था कि वह अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बल का प्रयोग या धमकी नहीं देगा, न ही उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करेगा। मुजाहिद ने कहा कि अमेरिका को अपनी प्रतिबद्धताओं पर कायम रहना चाहिए।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,